तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री

न्यूनतम 23.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 10 मई 2026



तेलीपारा में पेड़ की छंटाई के बाद लकड़ियां सड़क पर छोड़ दी गई हैं।



## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस समारोह आज

**बिलासपुर।** वंदेमातरम मित्र मंडल बिलासपुर के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस समारोह का आयोजन 10 मई रविवार की शाम 4.59 बजे होटल रेवेन्स गौरव पथ में किया जाएगा। मंडल के प्रदेश महामंत्री जयसिंह चंदेल और प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि पाणिनीय शोध संस्थान की अध्यक्षा आचार्या डॉ. पुष्पा दीक्षित, अध्यक्षता अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति की सुश्री सुलभा ताई देशपांडे और विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती दीपमाला कश्यप होंगी।

### विश्व मां दिवस पर संगीत आज

**बिलासपुर।** प्रियदर्शनी समाज सेवा समिति की ओर से रविवार 10 मई को विश्व मां दिवस पर वृद्ध, गरीब, असहाय माताओं में सम्मान में कार्यक्रम राघवेन्द्र राव सभा भवन में रखा गया है। इसमें समिति की ओर से वस्त्र व फल वितरित करने के अलावा उनके सम्मान में आकांक्षा म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में संगीत का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य दीपक मिश्रा, राजेन्द्र सोनी, नवीन चंद्र, रिया लगे हुए हैं।

### निगम इंजीनियरों का किया गया तबादला

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ इंजीनियरों के तबादला आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के तहत राज्य के विभिन्न निकायों में पदस्थ कार्यपालन और सहायक अभियंताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। राज्य शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार लाल महेंद्र प्रताप सिंह कार्यपालन अभियंता को नगर निगम रायपुर से नगर निगम बिलासपुर भेजा गया है। इसी प्रकार दिनेश नेताम कार्यपालन अभियंता को कवर्धा से स्थानांतरित कर संयुक्त संचालक कार्यालय दुर्ग में पदस्थ किया गया है। अभियंताओं की नई पदस्थापना में बृजेश श्रीवास्तव सहायक अभियंता को कोण्डागांव से बिलासपुर और ललित कुमार त्रिवेदी सहायक अभियंता को भी बिलासपुर में प्रभारी कार्यपालन अभियंता की कमान सौंपी गई है। दुर्ग क्षेत्र में भी बदलाव किए गए हैं। इसी तरह अंकुर पांडे को मुंगेली के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से डिप्टी कमिश्नर नगर निगम बिलासपुर बनाया गया है।

### 1 करोड़ की ठगी: दो म्यूल खाताधारक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रिटायर्ड प्रोफेसर को डिजीटल अरेस्ट कर 1 करोड़ 4 लाख 80 हजार रुपए की आनलाइन ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो म्यूल बैंक खाताधारकों को गिरफ्तार कर लिया है। रेंज साइबर थाना पुलिस के अनुसार, शांतिनगर मंगला चौक निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर रमन श्रीवास्तव को 20 अप्रैल 2026 को उनके मोबाइल में अज्ञात वाट्सएप मोबाइल नम्बर से मैसेज किया गया, उन्हें डराकर अलग अलग किश्तों में 4 बैंक खातों में 1 करोड़ 4 लाख 80 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। रेंज साइबर थाना पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से राजस्थान में दबिश देकर म्यूल बैंक खाता धारक रूपेन्द्र सिंह पिता संपत सिंह 21 साल चुरू राजस्थान, विशाल सिंह पिता जीवराज सिंह 20 साल पोती रतननगर चरू राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कमीशन के लालच में उन्होंने अपना बैंक खाता जालसाजों को उपलब्ध कराया था। ठगी की रकम अन्य व्यक्तियों तक पहुंचाई गई थी। इसके बदले में उन्हें कमीशन मिला था। आरोपियों के कब्जे से बैंक पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, मोबाइल एवं अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

# शहर भर में तेज आवाज में बज रहा डीजे, कहीं कोई लगाम नहीं

- सरकंडा में गीता पैलेस शादी भवन के अगल बगल दो अस्पताल और स्कूल, इसके बाद भी देर रात तक शोर
- पुलिस और प्रशासन से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं, हाईकोर्ट की फटकार के बाद भी असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिहायशी इलाकों में में बिना परमिशन के सुबह 6 से पहले और रात के 10 बजे के बाद डीजे साउंड या लाउड स्पीकर का उपयोग करने पर प्रतिबंध है। बावजूद इसके कई इलाकों में बिना किसी परमिशन के डीजे बेधडक़ उपयोग में लाए जा रहे हैं। सरकंडा में गीता पैलेस शादी भवन के अगल बगल दो अस्पताल हैं, दो स्कूल भी हैं। तीन अपार्टमेंट के साथ ही कालोनियों में सैकड़ों लोग रहते हैं। इसके बाद भी शादी भवन में रोजाना शाम से लेकर देर रात तक बज रहा डीजे लोगों को परेशान कर रहा है। शुक्रवार और शनिवार की रात को परेशान होकर पुलिस को सूचना देनी पड़ी।

हाईकोर्ट ने भी फटकार लगाया है। कोलाहल अधिनियम में बदलाव की बात भी राज्य सरकार ने कही है लेकिन कई इलाकों में बिना किसी परमिशन के डीजे बेधडक़ उपयोग में लाए जा रहे है। डीजे वाले वाहनों में क्षमता से अधिक एम्पीफायर और बेस बांध लेते हैं जो ध्वनि की तीवृता को और बढ़ा देते है। वहीं स्थानीय निवासियों का कहना है कि इसके लिए शिकायत करने पर भी पुलिस द्वारा थाने में शिकायत दर्ज करवाने के लिए कहा जाता है जिसके बाद ही कार्रवाई का आश्वासन दिया जाता है।

### इसलिए नहीं होती कार्रवाई

मैरिज पैलेस में तेज ध्वनि से म्यूजिक बजाया जाता है। ये मैरिज पैलेस रसूखदार लोगों के हैं। कई बार कार्यक्रम किसी रसूखदार का होता है। नतीजन, इससे सभी नियम व कानून कायदों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अस्पताल, नर्सिंग होम, टेलीफोन एक्सचेंज, कोर्ट, शैक्षणिक संस्थान, हॉस्टल, सरकारी कार्यालय, बैंक आदि के 200 मीटर के दायरे में लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जाएगा लेकिन इसे मानता कोई नहीं है।



### इन बीमारियों की रहती है आशंका

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के द्वारा तय सीमा के अनुसार रिहायशी इलाकों में सुबह 6 से रात 10 बजे तक के समय को डेटाइम और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक को नाइट टाइम कहा गया है। जिसमें दिन के समय में ध्वनि प्रदूषण की सीमा 45 डेसीबल से 65 डेसीबल और रात के समय में 45 डेसीबल से 55 डेसीबल तक निधारित की गई है लेकिन ध्वनि प्रदूषण की सीमा कई इलाकों में 100 डेसीबल तक पुहंच जाती है जो कानों के लिए ही नहीं बल्कि ह्रदय के लिए भी घातक साबित होती हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 75 डेसीबल से ऊपर वाले संगीत में रहना कानों और दिल के लिए हानिकारक है। वहीं इससे घरों की दीवारों में दरारें तक आ सकती है क्योंकि डेसीबल ज्यादा होने से ध्वनि तरंगों की आवृत्ति अधिक होती है जो नुकसान देह है।

### शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ता है

मोबाइल डीजे से होने वाले ध्वनि प्रदूषण के कारण शरीर के कई अंगों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसके कारण अस्थाई बहरापन, कानों का सुन्न होना, दर्द होना और टिनिटस की बीमारी हो सकती है। जिसमें कानों में तेज घंटियों के बजने की आवाज आती रहती है। इसी के साथ उन्होंने बताया कि तय सीमा से अधिक बेस होने से ह्रदय गति पर भी असर पड़ता है। वृद्धजनों के लिए तेज बेस पर बजने वाले डीजे ज्यादा घातक होते हैं क्योंकि उन्हें दिल की बीमारी का जोखिम ज्यादा रहता है। वहीं तेज ध्वनि के ह्रदय घात भी हो सकता है।

**- डा. सिध्दार्थ वर्मा,** संचालक केयर एंड क्योर हास्पिटल

## शाम को चली आंधी, उसके बाद होने लगी तेज बारिश, तापमान लुढ़का

# बंगाल की खाड़ी में उठे तूफान का असर मई में निकले रेनकोट और छाते

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बंगाल की खाड़ी में उठे तूफान और द्रोणिका के चलते मौसम में उठापटक जारी रही। शनिवार की शाम शहर और आसपास के इलाके में एकबार फिर तेज आंधी चली, कुछ देर बाद झमाझम बारिश होने लगी, बारिश इतनी तेज थी कि मई के महीने में लोगों को भीगने से बचने के लिए रेनकोट और छाते निकालने पड़ गए। इधर आंधी चलते ही शहर के अंदर व आसपास के इलाके में बिजली के तारों में पेड़ और उनकी डंगाले गिर गईं, जिससे लगभग पूरे जिले में अंधेरा छा गया। रात तक बारिश होती रही और शहर में अंधेरा भी छाया रहा।

बंगाल की खाड़ी में एक नया तूफान उठ गया है, मौसम विभाग के अनुसार इस तूफान के चलते छग और उड़ीसा के ऊपर एक द्रोणिका स्थित है, इसके चलते राज्य के कई स्थानों में तेज हवा चल रही है और बारिश भी हो रही है। चार दिन पहले पूरा जिला तेज आंधी की चपेट में आया था, इससे शहरी और ग्रामीण इलाकों में सैकड़ों पेड़ धराशाई हो गए थे, आंधी की तबाही से पूरे जिले की बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी, कई इलाकों में तीन दिनों तक अंधेरा छाया रहा। बिजली विभाग ने किसी तरह व्यवस्था सुधारी। इधर शनिवार की शाम 5 बजे के बाद शहरी और ग्रामीण इलाकों में एकाएक घने बादल छाए और तेज आंधी चलने लगी। कुछ देर बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई।



पुराना बस स्टैण्ड के सामने सड़क पर भरा पानी।

### शहर और गांवों में ब्लैकआउट



आंधी और बारिश से एकबार फिर बिजली व्यवस्था की हवा निकल गई। शहर में करबला तालाब के पास खंभे से चिंगारी निकलने के कारण पूरे क्षेत्र में और व्यापार विहार में बिजली बंद के कारण पूरे दुकानों में अंधेरा घंटो पसरा रहा। वहीं डीपूपारा, अशोक नगर, कश्यप कालोनी, तेलीपारा, विनोबा नगर, टिकरापारा, मधुबन रोड दयालबंद, लिंक रोड, गोड़पारा, गोलबाजार, सदर बाजार, चांटापारा, राजेन्द्रनगर, नर्मदा नगर, मंगला, सरकंडा और ज्यादातर इलाको में बिजली बंद के कारण लोग भी परेशान होते रहे। शहर के साथ ग्रामीण एरिया में बिजली व्यवस्था ठप रही। सकरी फीडर के साथ, सीपत, मस्तूरी, कोटा, उसलापुर, तखतपुर, बिल्हा, चकरभाठा, तिफरा व औद्योगिक इलाकों में कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर जलने के अलावा इंसुलेटर भी बर्स्ट होने के कारण घंटों बिजली बंद के कारण परेशान लोग अधिकारियों और फ्यूज कॉल दफ्तरों में फोन खटखटाते रहे। बारिश बंद होने के बाद विभागीय स्टाफ और अफसर बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने निकले, जिनके द्वारा रात 11 बजे बिजली व्यवस्था को ठीक किया गया।

### सड़कों और अफसरों के बंगलों में भरा पानी

शनिवार की शाम हुई तेज बारिश से शहरी इलाके में सावन, भादो सा नजारा दिखा, तेज बारिश होने से कई सड़कों पर पानी भर गया और लोगों को आवागमन में परेशानी होने लगी। पुराना बस स्टैण्ड में एकबार फिर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सिविल लाइन स्थित कलेक्टर बंगले के परिसर में भी पानी भर गया, नगर निगम का अमला यहां पंप से पानी निकालता नजर आया। पानी गिरने से कई सड़कों पर कीचड़ भी फैल गया।



◆ पेड़ गिरने से बंद हो गई शहरी और ग्रामीण इलाके की बिजली, शहर की कई सड़कों पर भर गया पानी

### लू के मौसम में बाहर निकले रेनकोट



मई के महीने में जहां एक ओर तापमान 45 डिग्री के आसपास रहता है, लोग लू के थपेड़ों से हलाकान होते हैं, वहीं दूसरी ओर इस साल लगातार हो रही बारिश से लोगों को नए अनुभव हो रहे हैं। शनिवार को हुई झमाझम बारिश से कुछ देर के लिए सड़कों का यातायात थम गया। सड़कों पर चलने वालों को भीगते हुए जाना पड़ा, वहीं जरूरी काम से घरों से बाहर निकलने वालों को बारिश से बचने के लिए रेनकोट और छातों का सहारा लेना पड़ा।

### तैयबा चौक में भरा पानी

तालापारा स्थित वार्ड क्रमांक 26 के तैयबा चौक एवं हुसैनी मस्जिद की गलियों में शुक्रवार को हुई चंद मिनट की मूसलाधार बारिश ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। थोड़ी देर की बारिश में ही नालों का गंदा पानी सड़कों से होते हुए लोगों के घरों तक पहुंच गया, जिससे वार्डवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



जरहाभाठा मंदिर चौक की घटना, पौन घंटे बाद पहुंची दमकल

# बिजली का मीटर ब्लास्ट होने से दुकान में लगी आग

**बिलासपुर।** बिजली मीटर ब्लास्ट होने से दुकान में आग लग गई। अंदर फैंसी सामान होने से आग ने भीषण रूप ले लिया। सूचना देने के बाद भी एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर पौन घण्टे बाद पहुंची। एक दमकल के पानी से आग पर काबू पाया लिया है। आग से लाखों का सामान जल गया है।

जरहाभाठा मंदिर चौक निवासी विजय राजगीर ने बताया, घर के नीचे फैंसी स्टोर की दुकान चलाते हैं और ऊपर परिवार के साथ रहते हैं। 9 मई की सुबह 10 बजे हाई वोल्टेज के कारण दुकान का मीटर ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। ब्लास्ट की आवाज सुनकर वे नीचे गए तो दुकान के अंदर से धुंआ निकल रहा था। आनन फानन में वे परिवार के सदस्यों को घर से बाहर निकालकर सड़क पर आ गए। देखते ही देखते दुकान के ऊपर के फ्लोर में सामान भरे होने से आग तेजी से फैल गई और आग की लपटें दुकान के बाहर निकलने लगीं। उन्होंने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। दमकल गाड़ी आने में देरी होने से दुकान में लगी आग और भड़क गई। दुकान के सामने व्यापारियों व लोगों की भीड़ लग गई। करीब पौन घण्टे बाद एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंची। वहीं सिविल लाइन थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच गई थी। कर्मचारी दमकल के पानी से आग बुझाने में जुट गए। एक दमकल के पानी से आग पर काबू पा लिया गया है। दुकान संचालक ने बताया, सूचना देने के पौन घण्टे बाद दमकल गाड़ी दुकान पहुंची है, जिससे आग ने भंयकर रूप लिया था। श्री राजगीर ने बताया आग से दुकान में रखा 20 लाख का सामान जल गया है। उन्होंने आग लगने की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है।

### शिकायत के बाद भी नहीं सुधारा गया मीटर

दुकान संचालक श्री राजगीर कहना है पिछले दो दिन से दुकान के आसपास बिजली हाई वोल्टेज है। कई दुकानों के बिजली का मीटर जलकर गिर गया है, वहीं ट्यूब लाइट व इलेक्ट्रानिक सामान खराब हो गया है। हाई वोल्टेज के चलते मीटर ब्लास्ट होने से दुकान में आग लगी है। शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग के द्वारा कोई सुधार कार्य नहीं किया गया था।

## सिम्स के नेत्र विभाग की टीम ने की जटिल पलक सर्जरी

# आवारा कुत्ते के हमले में घायल दो मासूम बच्चों की वापस लाई गई आंखों की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के बिल्हा क्षेत्र अंतर्गत बटोरी गांव में एक दर्दनाक घटना में दो मासूम बच्चों पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। इस हमले में दो वर्षीय बालक एवं दो वर्षीय बालिका के चेहरे और आंखों की पलकों पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद परिजन तत्काल बच्चों को सिम्स लेकर पहुंचे, जहां नेत्र रोग विभाग की टीम ने तुरंत आपातकालीन उपचार प्रारंभ कर दोनों बच्चों की आंखों को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।

चिकित्सकों ने बताया कि बच्चों के चेहरे, आंखों एवं पलकों के आसपास गहरे घाव होने के कारण यह मामला कैटेगरी-3 डॉग बाइट की श्रेणी में आया, जिसमें रेबीज संक्रमण का खतरा अत्यधिक रहता है। अस्पताल पहुंचते ही घावों की गहन सफाई की गई तथा तत्काल एंटी-रेबीज वैक्सीन शुरू की गई। संक्रमण को शुरुआती स्तर पर रोकने के लिए रेबीज इम्युनोग्लोबुलिन भी लगाया गया। आंखों की पलकों के गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त होने के कारण उसी दिन सिम्स के नेत्र रोग ऑपरेशन थिएटर में बच्चों की अर्जेंट लिड रिपेयर सर्जरी की गई। सर्जरी के दौरान क्षतिग्रस्त ऊतकों की सूक्ष्मता से मरम्मत कर आंखों की संरचना और दृष्टि को सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया। वर्तमान में दोनों बच्चे चिकित्सकों की निगरानी में हैं तथा उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इस जटिल उपचार एवं सर्जरी में नेत्र रोग विभाग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें डॉ.प्रभा सोनवानी, डॉ. संजय चौधरी, डॉ.आरती, डॉ. अनिकेत, निश्चेतना विभाग से डॉ. यशा तिवारी और डॉ. द्रोपती सहित अन्य चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ शामिल रहे। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. सुचिता सिंह ने बताया कि बच्चों की आंखों एवं पलकों पर गंभीर चोट थी, जिसके कारण तत्काल सर्जरी करना जरूरी था। विशेषज्ञ टीम द्वारा सावधानीपूर्वक सर्जरी कर आंखों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया, जिससे बच्चों की दृष्टि बचाने में सफलता मिली। चिकित्सकों ने बताया कि रेबीज संक्रमित कुत्ते, बिल्ली या अन्य जानवर के काटने, खरोंच अथवा लार के संपर्क से फैलने वाली अत्यंत खतरनाक वायरल बीमारी है। बीमारी बढ़ने पर मरीज में पानी से डर लगना, सांस लेने में कठिनाई, मानसिक भ्रम, आक्रामक व्यवहार और लकवा जैसे गंभीर लक्षण दिखाई दे सकते हैं। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की कि किसी भी डॉग बाइट की घटना को हल्के में न लें तथा तुरंत चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नगर निगम एवं प्रशासन से आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाने, नसबंदी एवं टीकाकरण कार्यक्रम को तेज करने तथा गांव एवं शहरी क्षेत्रों में रेबीज जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता भी बताई।



### लोग अस्पताल पहुंचकर सलाह लें

सिम्स अस्पताल गंभीर एवं आपातकालीन मरीजों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। डॉग बाइट जैसे मामलों में समय पर उपचार अत्यंत आवश्यक होता है, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी जानवर के काटने या खरोंच लगने पर तत्काल अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय सलाह लें।

**- डॉ. रमणेश मूर्ति,** अधिष्ठाता सिम्स

### झाड़ फूंक से बचें लोग

रेबीज एक घातक लेकिन पूर्णतः रोके जाने योग्य बीमारी है। यदि समय रहते एंटी-रेबीज वैक्सीन एवं आवश्यक उपचार दिया जाए तो मरीज को सुरक्षित बचाया जा सकता है। घरेलू उपचार, झाड़-फूंक अथवा अंधविश्वास से बचने और वैज्ञानिक उपचार अपनाने की अपील की गई है।

**- डॉ. लखन सिंह,** मेडिकल सुपरिटेंडेंट, सिम्स

## निधन

### श्रीमती शीला त्रिपाठी



**बिलासपुर।** गोंड़पारा निवासी श्रीमती शीला त्रिपाठी पति स्व.अंबिका प्रसाद त्रिपाठी का शनिवार को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा रविवार की सुबह 10 बजे उनके निवास भाटिया रेसिडेंसी मंगला रोड से निकलेगी, अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे हिमांशु, मनीष, अमिताभ एवं रितेश चिन्टू त्रिपाठी एवं श्रीमती सपना तिवारी की माता थीं।

### पूरन कौशिक



**बिलासपुर।** परसदा निवासी पूरन कौशिक का शनिवार 9 मई को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार परसदा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रदीप कौशिक के पिता थे।

## बिल्हा के जनहित एवं रेल सुविधाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा

# धरमलाल ने की रेल महाप्रबंधक से भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा



बिल्हा रेलवे स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' में चयनित किए जाने के उपरांत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक के बिल्हा स्टेशन आगमन एवं निरीक्षण के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक व क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने उनसे सौजन्य भेंट कर बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनहित एवं रेल सुविधाओं के विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

इस मौके पर श्री कौशिक ने क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांगों एवं यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अनेक आवश्यक विषय प्रमुखता से उनके समक्ष रखा। श्री कौशिक ने बिल्हा रेलवे स्टेशन में यात्रियों की निरंतर बढ़ती संख्या को देखते हुए नवीन फुट ओवर ब्रिज निर्माण तथा निर्माणाधीन अंडर ब्रिज कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की। साथ ही दाधापारा-परसदा रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर ब्रिज निर्माण की आवश्यकता से भी अवगत कराया, जिससे आमजन को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त कोरोना काल में बंद किए गए ट्रेनों के फिर से स्टॉपेज प्रारंभ करने एवं नई ट्रेनों के ठहराव की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। जिन ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की गई, उनमें दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस, कोरबा-विशाखापट्टनम लिंक एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस प्रमुख रूप से शामिल हैं। धरमलाल कौशिक ने बिल्हा रेलवे साइडिंग हेतु अलग सड़क मार्ग निर्माण की मांग रखते हुए मोहभट्टा रेलवे फाटक से रेलवे साइडिंग तक नवीन मार्ग निर्माण की आवश्यकता से भी अवगत कराया गया, ताकि भारी वाहनों के कारण आमजन को होने वाली जाम, धूल एवं दुर्घटना जैसी समस्याओं से राहत मिल सके। इन रेल सुविधाओं एवं आधारभूत विकास कार्यों के विस्तार से विद्यार्थियों, व्यापारियों, किसानों एवं दैनिक यात्रियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी तथा क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। जनहित एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े इन महत्वपूर्ण विषयों पर महाप्रबंधक ने सकारात्मक पहल एवं आवश्यक एक्शन का आश्वासन दिया।

श्री कौशिक ने कहा कि, राज्य शासन जनसुविधा को सर्वोच्च आदर्श देता है। यदि रेलवे और शासन के बीच समन्वय बेहतर हो, तो कई अटकलों को गति मिल सकती है। उन्होंने प्रशासन से विकासपरक सोच के साथ निर्णय लेने की अपील की।



### अंडरब्रिज निर्माण हेतु रेलवे महाब्रबंधक को ज्ञापन

**दगोरी। वार्ड** न 9 यातायात नगर पार्षद मनहरण कौशिक के नेतृत्व में वार्डवासियों के साथ मंडल रेल महाप्रबंधक को अंडर ब्रिज निर्माण परसदा दाधापारा हेतु ज्ञापन सौंपा गया। विदित हो कि, यहां की जनसंख्या लगभग 10 हजार है, और गांव के बीच से ही रेलवे लाइन गुजरती है। इससे लोगों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सौंपा गया। इस अवसर पर संजय, महेश, मुकेश, देवा, संजू, महेंद्र, मुकेश, मनोहर, अज्जु, बिल्लू, रमेश, उमेश, विकाश, पुष्पेश, संतोष, दुकल्हा, संतोष कोरी, बिरेंद्र, नारायण, राजेंद्र सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## भाजपा ने की मंडल संगठन प्रभारी सहप्रभारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर





भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर शहर द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विभिन्न मंडलों के लिए मंडल संगठन प्रभारी एवं सहप्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की गई है।

यह नियुक्तियां भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश, संभागीय मार्गदर्शन एवं जिला कोर ग्रुप की अनुशंसा के आधार पर की गई हैं, जिसमें तखतपुर विधानसभा अंतर्गत तखतपुर मंडल संगठन प्रभारी संतोष कौशिक, सहप्रभारी ईश्वर देवांगन, सकरी मंडल संगठन प्रभारी दिनेश राजपूत, सहप्रभारी सतीश सोनकर, काठाकोनी मंडल संगठन प्रभारी श्याम सिंह ध्रुव, सहप्रभारी हरप्रसाद कौशिक, गनियारी मंडल संगठन प्रभारी अश्वनी शर्मा, सहप्रभारी योगेश गुप्ता, विजयपुर मंडल संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार साहू, सहप्रभारी उत्तरा कश्यप बनाए गए हैं। भाजपा मंडल प्रभारी बनने पर दिनेश राजपूत ने कहा कि, पार्टी संगठन की रीढ़ बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है, और संगठन प्रभारियों की यह नई टीम पार्टी की विचारधारा एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने सभी नियुक्त पदाधिकारियों से पूर्ण निष्ठा एवं सक्रियता के साथ संगठन कार्य में जुटने का आह्वान किया। नवनियुक्त संगठन मंडल प्रभारियों एवं सह प्रभारियों ने शीर्ष नेतृत्व एवं तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।




### आर्ट ऑफ लिविंग का रक्तदान शिविर आज

**तखतपुर।** 'आर्ट ऑफ लिविंग' अंतराष्ट्रीय संस्थान के 10 मई को 45 वर्ष पूर्ण होने एवं 13 मई को रविशंकर महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में 'आर्ट ऑफ लिविंग' परिवार तखतपुर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को पूर्णिमा चिकित्सालय में किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगा, जिसमें इच्छुक रक्तदाता रक्तदान कर सकते हैं। परवेज भारमल में बताया कि, संस्था के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 12 से 14 मई तक हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन भी किया गया है। इसमें 18 वर्ष से अधिक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु आर्ट ऑफ लिविंग के किसी भी सदस्य से संपर्क किया जा सकता है।

## क्षत्रिय समाज ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती



**तखतपुर।** राजपूत क्षत्रिय समाज 37-38 इकाई तखतपुर द्वारा शनिवार को अदम्य साहस और शौर्य के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर तखतपुर स्थित महाराणा प्रताप मंडी चौक पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस आयोजन में 1282 ठाकुर समाज के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष दारा सिंह ठाकुर, इकाई अध्यक्ष तखतपुर नारायण सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तखतपुर मुंगेली परिक्षेत्र गोविंद सिंह ठाकुर मनी ठाकुर, अशोक ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, रोहन सिंह ठाकुर, राधे सिंह ठाकुर, राजेश ठाकुर, कोमल ठाकुर, आकाश ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, चिंटू ठाकुर, सुनील ठाकुर, ईशान ठाकुर, अमन ठाकुर, सुजल ठाकुर, अंशु ठाकुर, ओम ठाकुर, आकाश ठाकुर, सतीश ठाकुर, बंटी ठाकुर, राजपूत समाज अध्यक्ष सुरेश क्षत्रिय, राजा ठाकुर, पद्मान क्षत्रिय एवं शिशपाल क्षत्रिय। आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष और उनके स्वाभिमान की चर्चा करते हुए कहा कि, उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। समाज के दोनों संगठनों ने एकजुट होकर उनकी विरासत को संजोने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।






## खबर संक्षेप

### बिलासपुर से हैदराबाद, वाराणसी होकर नई उड़ान योजना करें अधिसूचित



**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने केंद्र सरकार द्वारा मंजूर नई उड़ान योजना में बिलासपुर से संबंधित तीन महत्वपूर्ण हवाई मार्गो, बिलासपुर से हैदराबाद बिलासपुर से वाराणसी और बिलासपुर से इंदौर होकर मुंबई को अधिसूचित करने की मांग की है। केंद्र सरकार के द्वारा इन मार्गों को अधिसूचित करने पर विभिन्न सरकारी और निजी एयरलाइंस इन मार्गों पर फ्लाइट शुरू करने के लिए अपने-अपने प्रस्ताव टेंडर के माध्यम से जमा करेंगे। चयनित एयरलाइंस कंपनी को केंद्र सरकार 3 साल तक इस हवाई मार्ग पर एक्सक्लूसिव रूप से उड़ान संचालित करने की अनुमति देगी और साथ ही साथ प्रति यात्री सब्सिडी वीजीएफ के रूप में दी जाएगी। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि बिलासपुर से दक्षिण भारत के द्वारा हैदराबाद के लिए फ्लाइट की मांग बहुत ही अधिक है। इसके साथ ही प्रयागराज की फ्लाइट बंद होने के बाद लोग लगातार वाराणसी फ्लाइट की मांग कर रहे हैं, क्योंकि वाराणसी से उत्तर भारत के कई जगह हो और नेपाल के लिए भी उड़ान उपलब्ध है। बिलासपुर से अभी तक पश्चिम भारत के लिए कोई उड़ान नहीं है। कुछ समय के लिए बिलासपुर से भोपाल और बिलासपुर से इंदौर उड़ान संचालित की गई थी, जिसमें पर्याप्त यात्री भी मिल रहे थे परंतु बाद में एलाइंस एयर ने यह उड़ान बिना कोई कारण बताएं बंद कर दी। समिति ने कहा कि वह बिलासपुर से इंदौर होकर मुंबई तक एक नई उड़ान की मांग कर रही है। केंद्र सरकार की नई उड़ान योजना में 100 से अधिक हवाई अड्डों को आगोश संरचना विकास के लिए भी फंड दिया जाना प्रस्तावित है। इसके तहत कम से कम 100 करोड रुपए की राशि का अनुदान बिलासपुर एयरपोर्ट को 4 सी श्रेणी में और नए और अधोसंरचना विकास के लिए दिए जाने की मांग की है। बिलासपुर छत्तीसगढ़ का पहला एयरपोर्ट होगा, जहां केंद्र सरकार सीधे अद्भुत संरचना फंड के लिए राशि देगी। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के महाधरने में अनिल गुलहरे, हरप्रसाद कैवर्त, केशव गोरख, रवि बनर्जी, मनोज तिवारी, समीर अहमद बबला, राशिद बक्स, प्रतीक तिवारी, महेश दुबे टाटा, रामशरण यादव, मजहर खान, अमर बजाज आदि उपस्थित थे।

### निःशुल्क गर्भाशय कैंसर जांच शिविर 12 को

**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर स्व.दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कोनी में 12 मई मंगलवार को निःशुल्क गर्भाशय कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर अस्पताल परिसर में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें विशेष रूप से 35 से 55 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं की जांच की जाएगी। ऐसी महिलाएं जिन्हें असामान्य रक्तस्राव, सफेद पानी की समस्या, पेट दर्द अथवा मासिक धर्म संबंधी अनियमितताओं की शिकायत है, उन्हें जांच कराने की सलाह दी गई है। आवश्यकता अनुसार पैप स्मीयर जांच भी की जाएगी। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि गर्भाशय ग्रीवा कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में शामिल है, लेकिन समय पर पहचान और उपचार से इसे रोका जा सकता है। शिविर का उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के साथ प्रारंभिक अवस्था में बीमारी की पहचान सुनिश्चित करना है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा महिलाओं को कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव एवं नियमित जांच के महत्व की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन और छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स मेडिकल कॉलेज के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर हेतु पंजीयन के लिए क्यूआर कोड जारी किया गया है। इच्छुक महिलाएं 11 मई की शाम 5 बजे तक अपना पंजीयन करा सकती हैं।

**ओवरब्रिज पार करना है मजबूरी** | सकरी की ओर से स्टेशन आने वाले लोगों को हो रही परेशानी

# 12 करोड़ की लागत से संवरेगी उसलापुर की सेकेंड एंट्री की सड़क



**बिलासपुर।** उसलापुर रेलवे स्टेशन में सेकेंड एंट्री के लिए जर्जर सड़क का निर्माण कार्य करने रेलवे बोर्ड ने 12 करोड़ रुपए सेंक्शन कर दिया है। इस कार्य को रेल प्रशासन ने जल्द ही शुरु करने का निर्णय लिया है, जिसके उपरांत उसलापुर सहित सकरी और अन्य स्थानों से स्टेशन तक पहुंचने वाले लोगों की परेशानी दूर हो सकेगी।

अमृत भारत योजना में बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर रेलवे स्टेशन को भी रेल प्रशासन ने शामिल किया हुआ है। उसलापुर स्टेशन को विकसित करने के लिए कई बार योजनाएं बन चुकी हैं, लेकिन यह सारी योजना अब तक धरातल में आने के बजाय केवल कागजों तक ही सीमित है। स्टेशन के आसपास लाखों की आबादी वाले क्षेत्र हैं, जिन्हें बिलासपुर स्टेशन के बजाय उसलापुर स्टेशन की दूरी तय करने में समय पर कम लगते हैं। उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में रेल प्रशासन ने बिलासपुर स्टेशन में ट्रेन यातायात का दबाव करने के साथ यात्री संख्या कम करने के लिए दुर्ग की ओर से आने वाली चार मुख्य ट्रेनें दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस और दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस का भी स्टापेज शुरु कर दिया है। इससे बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने वाले 8 हजार से अधिक यात्रियों की संख्या में कमी आई है। उसलापुर स्टेशन के दूसरे छोर पर यानि उसलापुर ओवरब्रिज के बाद कालोनी के अलावा सकरी, तखतपुर का क्षेत्र भी पड़ता है, जहां से हजारों की संख्या में स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को पहले ओवरब्रिज पार करना मजबूरी है। लोगों की सुविधा के लिए उसलापुर ओवरब्रिज के बगल यानि बायीं ओर से एक रास्ता बना हुआ है, जहां सड़क पर जगह-जगह गड्ढे के अलावा रात में अंधेरा पसरा रहता है।

रात में भय के कारण लोग भी इस रास्ते का उपयोग नहीं करत हैं। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने सड़क निर्माण कार्य के साथ स्ट्रीट लाइट के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। राशि स्वीकृति के जल्द ही इसमें कार्य शुरु किया जाएगा।

### रींवा और अन्य ट्रेन भी उसलापुर से

जानकारी के अनुसार बिलासपुर स्टेशन में हावड़ा-मुम्बई और अन्य रूट की यात्री ट्रेन व मालगाड़ियों का दबाव काफी हो चुकी है। वर्तमान में बिलासपुर से कटनी की ओर जाने वाली गाड़ियों में बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस, बिलासपुर-कटनी लोकल मेमू स्पेशल, बिलासपुर-पेण्ड्रारोड स्पेशल मेमू शामिल है। आने वाले दिनो में अमृत भारत स्टेशन के साथ ही रेल प्रशासन बिलासपुर से कटनी की ट्रेनों को उसलापुर से चलाने की योजना बना रहा है।

### निगम का भी कार्य

रेलवे के अनुसार उसलापुर स्टेशन के सेकेंड एंट्री की ओर काफी काम किए जाने हैं, जिसमें सड़क का कार्य और स्ट्रीट लगाया जाना भी शामिल है। इसमें कुछ दूरी तक रेलवे की सड़क है तो कुछ दूरी तक निगम की सड़क भी आती है। रेलवे की ओर से अपना काम जल्द ही शुरु कर दिया जाएगा, लेकिन कुछ दूरी तक निगम की सड़क को भी ठीक करना जरूरी होगा ताकि लोगों को इसकी सुविधा मिल सके।

### फेस 1 के बाद होगा काम

अमृत भारत योजना में उसलापुर स्टेशन के दूसरे ओर भी काम किया जाएगा। सेकेंड एंट्री की ओर सड़क निर्माण व अन्य कार्य के लिए 12 करोड़ रुपए स्वीकृत होने की जानकारी संबंधित विभाग से लेनी होगी। संभवतः वर्तमान में उसलापुर स्टेशन पर फेस 1 के तहत काम किया जा रहा है। सड़क निर्माण व अन्य कार्य फेस 1 के बाद किया जा सकता है।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

तालुका स्तर न्यायालयों के साथ राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत

# 64 लाख से अधिक प्रकरण में 36 अरब 24 करोड़ से अधिक अवार्ड पारित



**बिलासपुर।** राज्य में उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर न्यायालयों के साथ राजस्व न्यायालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 64 लाख 72 हजार 606 प्रकरण में सफलतापूर्वक निराकरण करते हुए 36 अरब 24 करोड़ रुपए से अधिक अवार्ड पारित किए गए।

शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने पक्षकारों को त्वरित, सुलभ और आपसी समझौते के माध्यम से न्याय दिलाने के साझा संकल्प के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का जिला एवं सत्र न्यायालय मुंगेली में प्रदेश के सभी 23 जिलों में वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत को आम जनता के लिए आपसी समझौते से न्याय पाने का एक सशक्त जरिया होना चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को प्रेरित किया कि वे अधिक से अधिक पुराने व लंबित मामलों को सुलझाने का लक्ष्य रखें। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने मुंगेली जिला न्यायालय में गठित खंडपीठों का निरीक्षण किया। हाईकोर्ट में नेशनल लोक अदालत के संबंध में गठित दोनों खंडपीठों का भ्रमण कर पीठासीन न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार अग्रवाल, न्यायमूर्ति बिभू दत्ता गुरु से संवाद करते हुए लोक अदालतों की कार्रवाहियों का जायजा लिया।

राज्य में उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर न्यायालयों के साथ राजस्व न्यायालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालत में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 64 लाख 72 हजार 606 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण करते हुए 36 अरब 24 करोड़ 58 लाख 69 हजार 436 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल, हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू, सभी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों, परिवार न्यायालय के न्यायाधीशों, लोक अदालत की खंडपीठों के सभी पीठासीन अधिकारियों, अधिवक्ताओं, पक्षकारों व उन सभी हितधारकों के प्रति सराहना व्यक्त की।

### समझाइश के बाद कई परिवार साथ रहने हुए राजी



नेशनल लोक अदालत की कुटुम्ब न्यायालय खण्डपीठ के तहत कुल 119 प्रकरणों का निराकरण किया गया। समझाईश के बाद कई परिवार साथ रहने राजी हुए। नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीश आलोक कुमार की खण्डपीठ में 70 प्रकरण, प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश मुकेश कुमार पात्रे की खण्डपीठ में 23 एवं द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश स्वर्णलता टोप्पो की खण्डपीठ में 26 प्रकरण निराकृत किए गए। प्रधान न्यायाधीश की खण्डपीठ में पति जो कि पत्नी से दो वर्षों से पृथक था, के द्वारा शराब सेवन नहीं करने व नशा मुक्ति केंद्र में उपचार कराने के अश्वासन पर पत्नी ने साथ में रहने की सहमति दी। द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश स्वर्णलता टोप्पो की खण्डपीठ में वरिष्ठ नागरिक 62 वर्षीय पिता ने पुत्र के विरूद्ध भरण पोषण की मांग की थी। न्यायालय की समझाईश पर पुत्र ने पिता को साथ रखने, धार्मिक पर्यटन स्थल घूमाने, समुचित उपचार का आवश्वासन दिया। नेशनल लोक अदालत की खण्डपीठ में सदस्य अब्दुल सलीम कुरैशी, प्रशांत गनोरकर, कमल कांत मिश्रा, दिनेश चंद्र पाण्डेय, ज्ञानेश्वर सिंह, विनोद शर्मा सहित न्यायालयीन स्टाफ का सहयोग रहा।



रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर चलता पानी का फौव्वारा।

## मिस्टिंग मशीन से फौव्वारा कम और पानी अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन में यात्रियों को गर्मी से राहत देने के लिए मिस्टिंग मशीन लगाया गया है, जिसमें से फौव्वारा कम और नल की टोटी की तरह पानी ज्यादा फेंकने से पूरे प्लेटफार्म परिसर में कीचड़ से यात्री फिसलकर गिर रहे हैं।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक की स्थिति ऐसी हो गई है कि सुबह से रात तक उत्कल, राजधानी और रात में आने वाली शालीमार एक्सप्रेस के अलावा बाकी अन्य ट्रेनों के बजाय केवल मालगाड़ी का स्टापेज ही दिया जा रहा है। प्लेटफार्म नम्बर एक पर रेल प्रशासन की ओर से आरपीएफ पोस्ट से लेकर वीआईपी गेट यानि 100 मीटर की दूरी तक मिस्टिंग मशीन के लिए पाइप बिछाई है। यह प्रतिवर्ष गर्मी के समय ही चालू की जाती है ताकि यात्रियों को मिस्टिंग से निकलने वाले फौव्वारे से राहत मिल सके। इस मशीन को शुरु करने से पहले विभाग की ओर से मरम्मत व मेंटेनेंस कार्य भी किया जाता है, लेकिन इसमें से फौव्वारे की जगह पानी अधिक बहता है। इसी तरह का हाल इस वर्ष भी होने लगा है।

पिछले कई दिनों से मिस्टिंग के पाइप में लगे वॉल कई जगह से खराब हो चुके हैं, जिसमें से फौव्वारे के स्थान पर पानी सीधे यात्रियों के ऊपर और प्लेटफार्म पर गिर रहे हैं। इसकी वजह से पूरे प्लेटफार्म पर पानी के कारण कीचड़ होने से यात्रियों को भी परेशानी हो रही है।

### जांच के बाद सुधार

मिस्टिंग मशीन को शुरु करने से पहले विभाग की ओर से पहले पूरी तरह से चेक किया जाता है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो और उन्हें गर्मी में राहत मिल सके। अगर मिस्टिंग से फौव्वारे के स्थान पर पानी निकल रहा है तो उसकी जांच कराने के उपरांत सुधार कार्य कराया जाएगा।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## फर्जी तरीके से जमीन बेचने वाले दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** दूसरे व्यक्ति को खड़े कर बुजुर्ग की 3 डिस्मिल जमीन बेचने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताय, बन्नाकडीह निवासी कलीराम सतनामी से 12 डिस्मिल जमीन बेचने के लिए दीपक मिश्रा, रमेश पाण्डेय से संपर्क किया। दोनों ने जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर कलीराम सतनामी खड़े कर उनकी 3 डिस्मिल जमीन को दूसरे को बेच दिया। खरीददार उक्त जमीन में कब्जा करने गए तो बुजुर्ग को फर्जीवाड़ा की जानकारी हुई। पुलिस ने कलीराम की रिपोर्ट पर दीपक मिश्रा, रमेश पाण्डेय के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मौजा किरारी प.ह.नं.-8 रा.नि.म. मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 15/3 रकबा 0.4450 हेक्टेयर भूमि स्वामी बलराम पिता रामनाथ साहू निवासी नेता नगर वार्ड नं.-3 किरारी मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर से क्रय करने का सौदा करते हुए अग्रिम धन विक्रेता को भुगतान कर दिया है और निकट भविष्य में शेष प्रतिफल भुगतान कर पंजीकृत विक्रयपत्र निष्पादित करायेगा।

अतः किसी भी व्यक्ति, संस्था एवं निकाय को उक्त संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे नीचे बताये पते पर मय दस्तावेज के लिखीत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद अवधि कोई भी आपत्ति अवैधानिक एवं प्रभावशुन्य माना जावेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक 9/5/2026

**ऐश्वर्य पान्डेय, अधिवक्ता
शुभम विहार, ओम जोन गेट के पास बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 8319433844
9111092229**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मौजा किरारी प.ह.नं.-8 रा.नि.म. मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 15/1 रकबा 0.5580 हेक्टेयर भूमि स्वामी काशीराम पिता रामशरण निवासी वार्ड नं.-16 किरारी मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर से क्रय करने का सौदा करते हुए अग्रिम धन विक्रेता को भुगतान कर दिया है और निकट भविष्य में शेष प्रतिफल भुगतान कर पंजीकृत विक्रयपत्र निष्पादित करायेगा।

अतः किसी भी व्यक्ति, संस्था एवं निकाय को उक्त संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे नीचे बताये पते पर मय दस्तावेज के लिखीत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद अवधि कोई भी आपत्ति अवैधानिक एवं प्रभावशुन्य माना जावेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक 9/5/2026

**ऐश्वर्य पान्डेय, अधिवक्ता
शुभम विहार, ओम जोन गेट के पास बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 8319433844
9111092229**

बिजनेस प्लस

## मदर्स डे पर यामाहा का खास तोहफा: नया फेससिनो 125 एफआई हाईब्रिड स्कूटर लॉन्च



**बिलासपुर।** मदर्स डे के विशेष अवसर पर यामाहा ने अपना नया फेससिनो 125 एफआई हाईब्रिड स्कूटर बिलासपुर में लॉन्च किया। शहर के तिरुपति बालाजी मोटर्स, यामाहा शोरूम, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ में स्कूटर की आकर्षक लॉन्चिंग आयोजित की गई।

कंपनी ने इस स्कूटर को नए प्रीमियम कलर्स, एडवांस टेक्नोलॉजी और स्मार्ट फीचर्स के साथ पेश किया है। शोरूम संचालकों के अनुसार नया फेससिनो 125 हाईब्रिड स्टाइल, परफॉर्मेंस, माइलेज और आधुनिक टेक्नोलॉजी का शानदार संयोजन है, जिसे विशेष रूप से आज के युवा एवं फैमिली ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। नए फेससिनो 125 हाईब्रिड में पहले से अधिक प्रीमियम एवं स्टाइलिश डिजाइन दिया गया है। स्कूटर में नया एलईडी हेडलैंप एवं डीआरएलएस के साथ शार्प फ्रंट फेस प्रदान किया गया है, जो इसे आकर्षक एवं मॉडर्न लुक देता है। इसके साथ ही वाय कनेक्ट ऐप आधारित ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के माध्यम से कॉल, एसएमएस अलर्ट एवं व्हीकल मेंटेनेंस अपडेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्कूटर में कलर टीएफटी मीटर के साथ टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन सुविधा भी दी गई है। वहीं 125 सीसी एफआई हाईब्रिड इंजन में स्मार्ट मोटर जनरेटर तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे बेहतर माइलेज, पावर असिस्ट एवं साइलेंट स्टार्ट जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

## चंद्र टीवीएस : टीवीएस राइडर को ऑफर में खरीदने के अंतिम 7 दिन

**बिलासपुर।** देश की लोकप्रिय और युवाओं की पसंदीदा बाइक टीवीएस राइडर अब शानदार ऑफर्स के साथ उपलब्ध है, लेकिन यह सुनहरा अवसर अब अपने अंतिम चरण में है। ग्राहकों के लिए यह ऑफर केवल अंतिम 7 दिनों तक ही मान्य रहेगा।

चंद्र टीवीएस द्वारा लाए गए इस बेहद आकर्षक और रोमांचक मेगा ऑफर को ग्राहको का जबरदस्त रिस्पांस मिल रहा है, जिसमे एक टीवीएस राइडर खरीदने पर एक और राइडर जीतने का सुनहरा मौका मिल रहा है। इस खास ऑफर के तहत टीवीएस राइडर खरीदने वाले सभी ग्राहकों को लकी ड्रॉ में शामिल किया जा रहा है, जहां भाग्यशाली विजेता को बंपर इनाम के रूप में गारंटी एक टीवीएस राइडर जीतने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही अन्य आकर्षक उपहार जैसे 1.50 टन एसी, रेफिजरेटर, स्मार्ट वॉच भी लकी ड्रॉ के माध्यम से जीतने का अवसर दिया जा रहा है। यह ऑफर केवल पहले 100 ग्राहकों के लिए ही मान्य है, इसलिए इच्छुक ग्राहकों को जल्द निर्णय लेने की सलाह दी जा रही है। साथ ही, यह स्कीम 17 मई तक ही वैध है।

**विभित्र पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
(एन ई. आर. डी. सी. एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग.)
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान) (रजि.U85499CT2023NPL015-480)**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन पाठ्यक्रमों में 12वी के प्राप्तांको के अनुसार (एन.ई.आर.डी.सी.) एजुकेशनल काउंसिल संचालित विभित्र सहयोगी पाठ्यकमों मे (सत्र 2026-27) मे प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभित्र प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के नाम

| D.M. L.T. | W.B.A. | M.P.H.W. | C.O.T. | G.D.A. | E.M.T. | C.O.D. | DIALYSIS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | वार्डबाय असिसटेट | मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | सर्टिफिकेट इन आपरेशन टेक्निशियन | जनरल ड्यूटी असिंसटेट | इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | डिप्लोमा डायलिसिस टेक्निशियन |

आवेदन हेतु 12वी कक्षा मे न्युनतम प्रतिशत:- 40%.विकलागं/सैनिक/स्व.संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट:-

1. आवेदक.निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूण विवरण स्पष्ट रूप से भरे। साथ ही 25 रू का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफा में अपना स्वय का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विधार्थी सत्र 2026 में 12वी उत्तीर्ण किये है वह विधार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारो को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिग हेतु पात्र होगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विधार्थी आवेदन कर सकते है।

* आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 30.06.2026 तक
* कार्यालय का पता:- **NERDC** एजुकेशनल काउंसिल बिलासपुर छ.ग.
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान)
पिन- 495001

प्रति,
संचालक,
**NERDC** एजुकेशनल काउंसिल
मध्यनगरी चौक बिलासपुर छ.ग
महोदय,

पासपोर्ट साइज फोटो

.............................................(पाठ्यकम का नाम) मे चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..........................................
2. पिता/पति का नाम..........................................
3. जन्म तिथि अंको मे..........................................
4. अनु.जाति/अनु.जनजाति/पिछडा वर्ग / सामान्य..........................................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित..........................................
6. मो.न.................................व्हाब्सएप नंबर..........................................
7. शैक्षणिक योग्यता..........................................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**NERDC EDUCATIONAL COUNCIL BILASPUR (C.G.) 495001**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

### लूप लाइन कार्य पूर्ण

**बिलासपुर।** दपूमरे की गति शक्ति यूनिट समनापुर रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह कार्य न तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण है।


श्री तोखन साहू जी
केन्द्रीय मंत्री राज्य मंत्री, भारत सरकार आवास
एवं शहरी कार्य मंत्रालय
श्री अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी नगरीय प्रशासन
विभाग खेल एवं युवा कल्याण विभाग
श्री लखन लाल देवांगन जी
प्रभारी मंत्री मुंगेली वाणिज्य एवं उद्योग, वाणिज्यिक कर
(आबकारी) श्रम विभाग
श्री पुन्नू लाल मोहले जी
विधायक- मुंगेली
श्री धरमलाल कौशिक जी
पूर्व विधायक, अध्यक्ष एवं विधायक
बिल्हा
सी.एम. कार्यक्रम - 10.05.2026
हेली पैड (पुलिस ऑफिसर मेस मुंगेली)
ऑफिसर क्लब (लंच)
भीमराव अम्बेडकर मूर्ति अनवारण
(कलेक्टोरेट परिसर)
गुरूघासी दास मूर्ति अनावरण
(दाउपारा चौक मुंगेली)
महाराणा प्रताप मूर्ति अनावरण
(पड़ाव चौक मुंगेली)
भक्त माता कर्मा मूर्ति अनावरण
(स्टेडियम मोड़ मुंगेली)
श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम
(मुख्य मंचीय कार्यक्रम)
लोकार्पण एवं शिलान्यास
लोकार्पण – राशि
15202.02
राशि - एक सौ बावन करोड़ दो लाख
दो हजार रूपये
शिलान्यास – राशि
20156.04
राशि - दो सौ एक करोड़ छप्पन लाख
चार हजार रूपये
महायोग
35358.06
राशि - तीन सौ तिरपन करोड़ अन्ठावन लाख
छः हजार रूपये
मान. विष्णुदेव साय जी
(मुख्यमंत्री छ.ग. शासन, सा. प्रशा. खनिज, ऊर्जा, जलसंसाधन विभाग)
के मुंगेली नगर आगमन व लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में
पधारने पर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत...
विनीत - समस्त जिला वासी मुंगेली


यशस्वी मुख्यमंत्री
माननीय विष्णुदेव साय जी द्वारा
नगर के चौक का सौंदर्यीकरण एवं
प्रतिमा का अनावरण समारोह
में आप सभी सादर आमंत्रित है
भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी (कलेक्ट्रेट परिसर)
बाबा गुरूघासीदास जी (दाऊपारा), महाराणा प्रताप जी (पड़ाव)
एवं भक्तमाता कर्माजी (नवागढ़ मोड़) के
प्रतिमा का लोकार्पण पश्चात आमसभा
आमसभा स्थल-डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम मुंगेली
दिनांक- 10 मई 2026, दिन- रविवार, दोपहर 2 बजे
मा. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
दीनानाथ केशरवानी
जिला भाजपा अध्यक्ष
मा. पुन्नूलाल मोहले
विधायक मुंगेली एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री
भारतीय जनता पार्टी जिला-मुंगेली
संकलन - जयकुमार ताम्रकार
जिला प्रतिनिधि हरिभूमि,
जिला कार्यालय मुंगेली (छ.ग.)
मो. 9303508230


मान. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
के मुंगेली नगर आगमन पर
नंदन... वंदन... अभिनंदन...
मान. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
दीनानाथ केशरवानी
जिलाध्यक्ष - भाजपा मुंगेली
हरिशंकर वर्मा
उपाध्यक्ष भाजपा
कैलाश सिंह
महामंत्री - भाजपा मुंगेली
अभिलाष त्रिवेदी
मण्डल अध्यक्ष भाजपा
अनिला देवेन्द्र राजपूत
सभापति- जिला पंचायत मुंगेली
चित्ररेखा मनीष जांगड़े
अध्यक्ष - जनपद पंचायत पथरिया
दीपिका कौशिक
उपाध्यक्ष - जनपद पंचायत पथरिया
हुलसी रघु वैष्णव
अध्यक्ष - नगर पंचायत पथरिया
परमानंद साहू
अध्यक्ष - नगर पंचायत सरगांव
मनोज पाण्डेय
उपाध्यक्ष - नगर पंचायत पथरिया
जगदीश वर्मा
जिलाध्यक्ष - लोधी समाज मुंगेली
राजेन्द्र साहू
जिला महामंत्री - युवा मोर्चा मण्डल पथरिया
रविन्द्र बघेल
अध्यक्ष - युवा मोर्चा मण्डल पथरिया
चंद्रशेखर कौशिक
भाजपा नेता
लोकेश साहू
सभापति- जनपद पंचायत पथरिया
रघु वैष्णव
विधायक प्रतिनिधि
विनीत: भारतीय जनता पार्टी लौदा मण्डल, जिला मुंगेली (छ.ग.)
संकलनकर्ता
रवि निर्मलकर हरिभूमि प्रतिनिधि, पथरिया
मो. 9340027835, 9752961085

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 10 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## साधु वासवानी की सदस्यों ने वृद्धाश्रमों में दी सेवाएं




**बिलासपुर।** साधु वासवानी सेंटर बिलासपुर द्वारा साधु वासवानी सेंटर पुणे की प्रमुख कृष्णा दीदी के 65वें जन्म दिवस पर संस्था द्वारा बिलासपुर में अलग-अलग जगह के वृद्ध आश्रमों में सेवा कार्य किया गया। संस्था प्रमुख सपना कलवानी बिलासपुर ने बताया कि हमें प्रेम, करुणा एवं कृतज्ञता से भरी चार सेवाएं करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जरूरतमंद परिवारों को 35 सूखा राशन किट वितरित किया गया। मातृ छाया अनाथ आश्रम में बच्चों को ड्रेस, सलोनी पैकेट, पौष्टिक लड्डू, नमकीन एवं बिस्किट प्रदान किया गया। कल्याण कुंज वृद्धाश्रम में लगभग 60 बुजुर्ग सदस्यों को भोजन सेवा दी गई। भोजन में दाल, चावल, सब्जी, दही वड़ा, मैंगो फ्रायम्स एवं गुलाब जामुन शामिल रहा। साथ ही सलोनी व चिवड़ा पैकेट भी वितरित किए गए। दीदी के नाम से केक काटा गया। सभी बुजुर्गों ने दीदी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# मदर्स डे आज, सजा पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स बाजार

रविवार 10 मई को मदर्स डे है। इस दिन मम्मी को सबसे खास गिफ्ट देने मार्केट में स्पेशल गिफ्ट्स की खूबसूरत रेंज आई है। इसमें महंगे पर्सनलाइज्ड गिफ्ट तक शामिल है। आजकल स्पेशल फील कराने मैचिंग ड्रेस का क्रेज भी बढ़ा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गिफ्ट रिश्तों की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। कई रिश्ते ऐसे होते हैं, जिसमें गिफ्ट शब्दों से ज्यादा भावना व्यक्त कर जाते हैं। मां-बच्चे का रिश्ता भी कुछ ऐसा ही है। 'मदर्स डे' पर बच्चे भी मम्मी को गिफ्ट देकर अपनी भावनाओं को व्यक्त कर पाते हैं। मार्केट में इस बार सासू मां, दादी मां, नानी मां, चाची आदि के लिए भी गिफ्ट्स और स्पेशल कार्ड्स हैं। पहले सिर्फ मदर को देने के लिए ही ग्रीटिंग कार्ड्स थे, पर अब स्पेशल कार्ड्स भी आया है। ये कार्ड्स हिंदी और इंग्लिश दोनों ही भाषा के कोटेशन्स वाले हैं। बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए बुके, कार्टून कैरेक्टर के शेप्स वाले कार्ड्स भी मार्केट में उपलब्ध है।









**स्पेशल फील कराने मैचिंग ड्रेस का क्रेज, बच्चे खरीद रहे उपहार**

### पसंद किए जा रहे मैसेज वाले फ्रेम

इस बार कुछ खास तरह के ग्रीटिंग्स मार्केट में हैं। चार फोल्ड वाले पोस्टर ग्रीटिंग्स अपने साइज व कंसेप्ट के कारण, बुके के शेप के ग्रीटिंग अपनी स्टाइल के कारण पसंद किए जा रहे हैं। इसके अलावा मम्मी के लिए सिपर, डिफरेंट लुक वाले कॉफी मग व हैंड बैग भी बच्चे ले रहे हैं। विक्रेताओं ने बताया कि मदर्स डे पर फोटो के साथ मैसेज वाले फ्रेम खरीद रहे हैं। इसके अलावा कैरी क्रिएचर, पीलो, फोटो फ्रेम, पर्स भी शामिल हैं।

### मोबाइल, आईपेड कवर की डिमांड ज्यादा

बच्चे अपनी मम्मी के लिए इस बार पर्सनलाइज्ड गिफ्ट लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। पर्सनलाइज्ड गिफ्ट में मोबाइल कवर, आईपेड कवर, ग्रीटिंग्स, कैलेंडर, कोलाज, स्टोन व घड़ियों को लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा डिमांड मोबाइल व आईपेड कवर की है। इसकी वजह इन प्रोडक्ट्स की उपयोगिता है। कोलाज को लेकर भी खासा दिलचस्पी है। इन लाइटवेट कोलाज के लेमिनेटेड होने के कारण इसके रखरखाव में ज्यादा ध्यान नहीं देना पड़ता और इसे किसी भी रूम के अनुरूप मनचाहे साइज में बनवाया जा सकता है।

### एक जैसी ड्रेस पहनने का बढ़ा चलन

बीते कुछ सालों से मां और बच्चे का एक जैसा ड्रेस चलन में है। इसमें मां अपना और अपने बच्चों के लिए एक ही फैब्रिक और डिजाइन में ड्रेस तैयार कराती है। मदर्स-डे के लिए माह भर पहले से ऑर्डर लिया गया है। लोग अपनी मनपसंद डिजाइन के साथ कपड़ा तैयार कराने पहुंच रहे हैं। इसमें साड़ी, लॉन ड्रेस की डिमांड सबसे अधिक है।

हेल्थ

## लू की चपेट में आने से पहले शरीर में दिखते हैं ये बदलाव

**बिलासपुर।** इन दिनों देश में कई जगह तेजी से तापमान बढ़ता जा रहा है। इससे लू लगने का खतरा भी बढ़ गया है, लेकिन आपको बता दें कि लू अचानक से नहीं लगता है। हमारा शरीर पहले ही कई संकेत देने लगता है। आपको लू लगने के शुरुआती लक्षणों के बारे में जानना चाहिए। इन दिनों भारत के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और हीट वेव का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। टेंपरेचर तो बढ़ ही रहा है, साथ ही हीट स्ट्रोक यानी लू लगने के मामले भी तेजी से देखने को मिल रहे हैं।



लू लगने से न केवल चक्कर आने, थकान या कमजोरी लगती, बल्कि कई बार ये स्थिति जानलेवा भी हो जाती है। ध्यान देने वाली बात तो ये है कि लू अचानक से नहीं लगता बल्कि हमारा शरीर पहले ही कई संकेत देने लगता है, जिसे आमतौर पर लोग इग्नोर कर देते हैं। ऐसे में हमने इस बारे में जानने के लिए आकाश हेल्थकेयर के सीनियर कंसल्टेंट एंड एचओडी, इंटरनल मेडिसिन डॉ. राकेश पंडित से बात की। उन्होंने बताया कि जब शरीर लंबे समय तक ज्यादा गर्मी में रहता है और खुद को ठंडा नहीं कर पाता, तब हीट स्ट्रोक की स्थिति बनती है। अगर समय रहते लक्षणों को पहचान लिया जाए तो इलाज आसानी से हो जाता है। हीटवेव के दौरान शरीर में पानी की कमी होने लगती है। ऐसे में बार-बार आपको प्यास लगने, मुंह सूखने और होंठों के फटने जैसी दिक्कतें होती हैं। इसके अलावा शरीर का टेंपरेचर बढ़ने पर ब्लड सर्कुलेशन पर भी असर पड़ता है। इसकी वजह से सिर भारी लगना, चक्कर आना और कमजोरी महसूस हो सकती है। शुरुआती स्टेज में हमारा शरीर खुद को ठंडा करने के लिए ज्यादा पसीना निकलता है, लेकिन कई बार स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि पसीना भी आना बंद हो जाता है। वहीं, गर्मी में शरीर से नमक और इलेक्ट्रोलाइट्स तेजी से बाहर निकलते हैं, जिससे हाथ-पैरों और मसल्स में दर्द की समस्या होती है। लू लगने से पहले कई लोगों को बेचैनी और घबराहट तो होती है, तो वहीं कुछ लोगों की हार्टबीट भी काफी तेज होने लगती है।

## अगर हेल्थ खराब है तो शरीर नहीं सोख पाएगा विटामिन बी-12

**बिलासपुर।** क्या आप जानती हैं कि शरीर में विटामिन B12 के सही अवशोषण के लिए आंतों के स्वास्थ्य का सही होना बेहद जरूरी होता है। एक्सपर्ट के अनुसार, सिर्फ बी 12 युक्त फूड्स खाना ही काफी नहीं, बल्कि प्रोबायोटिक्स और प्रीबायोटिक्स के सेवन से गट हेल्थ को बेहतर बनाना भी जरूरी है। विटामिन बी-12 शरीर के लिए बेहद जरूरी पोषक तत्व है। यह शरीर में एनर्जी बनाने, नर्व्स को हेल्दी रखने और रेड ब्लड सेल्स के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। इसकी कमी होने पर थकान, कमजोरी, हाथ-पैरों में झनझनाहट, याददाश्त कमजोर होना और मूड स्विंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि सिर्फ बी12 युक्त चीजें खाना ही काफी नहीं है, बल्कि शरीर में इसका सही तरीके से अवशोषण होना भी जरूरी है। इसके लिए गट हेल्थ यानी आंतों की सेहत और माइक्रोबायोम का हेल्दी होना बहुत जरूरी माना जाता है। सीओए बायोहैकिंग क्लिनिक और लाउंज की क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट रिया ओसवाल के अनुसार, अगर आप विटामिन बी-12 का लेवल नेचुरली बढ़ाना चाहती हैं, तो डाइट के साथ-साथ गट हेल्थ पर भी ध्यान देना जरूरी है। विटामिन बी-12 के नेचुरल सोर्स और अपनी डेली डाइट में शामिल करने का आसान तरीका आपको जरूर जानना चाहिए। शाकाहारी लोगों के लिए डेयरी प्रोडक्ट्स विटामिन बी-12 का अच्छा स्रोत माने जाते हैं। खासकर दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स आंतों को हेल्दी रखते हैं, जिससे शरीर अन्य पोषक तत्वों को भी बेहतर तरीके से अवशोषित कर पाता है। दोपहर के खाने के साथ 1 कटोरी दही लें। दिन में एक गिलास छाछ पी सकती हैं। पनीर को सलाद, सैंडविच या सब्जी में शामिल करें। रात में हल्दी वाला दूध भी अच्छा विकल्प हो सकता है। अंडे की जर्दी विटामिन बी-12 और हेल्दी फैट्स का अच्छा स्रोत होती है। यह लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद कर सकती है और शरीर को एनर्जी देती है।




# सुहागिनों की वट-सावित्री पूजा की तैयारी शुरू

वट सावित्री व्रत पूजा इस साल शनिवार 16 मई को ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को मनाया जाएगा। इस पूजा की सुहागिन महिलाओं द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। पूजा में प्रयुक्त होने वाली पूजन व सुहाग सामग्री की खरीददारी भी करने लगी हैं।



बिलासपुर। हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर वट सावित्री व्रत रखा जाता है। इस साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि की शुरुआत 16 मई सुबह 5:11 बजे से होगी और इसका समापन 17 मई रात 1:30 बजे पर होगा। उदया तिथि के अनुसार ही पर्व मान्य होता है, इसलिए वट सावित्री व्रत 16 मई को रखा जाएगा। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के लिए होता है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र, सफलता, सेहत और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए निर्जला उपवास रखेंगी। माना जाता है कि इसके प्रभाव से रिश्तों में प्रेम-विश्वास और खुशियां आती है। वैवाहिक जीवन सुखमय बनता है। वट-सावित्री का यह व्रत पति की लंबी आयु और सुखद वैवाहिक जीवन के लिए रखा जाता है। इसके चलते इस पूजा का काफी महत्व होता है और इसे विधि-विधान से करने सप्ताह भर पहले से ही तैयारी शुरू कर दी जाती है। व्रती महिलाओं ने बताया कि इस व्रत में बरगद पेड़ की पूजा की जाएगी। फिर वट वृक्ष की जड़ में जल अर्पित कर कच्चा सूत लपेटकर 7 बार परिक्रमा करेंगी। भीगे चने, फल, फूल और श्रृंगार का सामान अर्पित कर सावित्री-सत्यवान की कथा सुनेंगी और पति का आशीर्वाद लेंगी।

**सौभाग्य योग के साथ 16 को महिलाएं रखेंगी व्रत, सुहाग व पूजन सामग्री की होने लगी खरीददारी**





### बन रहा विशेष योग

इस दिन सौभाग्य और शोभन योग बन रहा है, इसलिए इस पूजा का महत्व और बढ़ जाएगा। यह एक ऐसा व्रत है जिसे महिलाएं वट वृक्ष के नीचे ही जाकर करती हैं। इसके चलते इस दिन तालाबों के किनारे या मोहल्ले के वट वृक्ष के पास भीड़ देखी जा सकती है।

### बाजार होने लगा गुलजार

इस व्रत के मद्देनजर बाजार भी गुलजार होने लगा है। व्रती महिलाएं पूजा में चढ़ाने एवं दान-पुण्य करने सुहाग सामग्री की खरीददारी शुरू कर दी हैं। फल, फूल बाजार की भी इस दिन रौनक बढ़ जाएगी।



## अष्ट शक्तियों को जीवन में धारण करने की दी प्रेरणा

**बिलासपुर।** टिकरापारा स्थित ब्रह्माकुमारीज़ प्रभु दर्शन भवन में आयोजित बाल संस्कार शिविर में ब्रह्माकुमारी गायत्री दीदी ने बच्चों को आत्मा की अष्ट शक्तियों का महत्व समझाते हुए उन्हें जीवन में धारण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ये आठ शक्तियां बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत, संस्कारी और आत्मविश्वासी बनाती है।

दीदी ने बच्चों को सरल उदाहरणों के माध्यम से सहन करने, परखने, निर्णय करने, सामना करने, सहयोग, विस्तार को संकीर्ण करने तथा समेटने की शक्ति के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आम का पेड़ पत्थर खाने पर भी मीठे फल देता है, उसी प्रकार हमें भी हर परिस्थिति में शांत और सहनशील रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को यह भी सिखाया कि दूसरों की कमियों को बाहर फैलाने के बजाय सागर की तरह अपने भीतर समाने की आदत विकसित करें। बच्चों को 'बैड टच' जैसी परिस्थितियों में साहसपूर्वक आवाज उठाने और गलत बातों का सामना करने की शिक्षा भी दी गई। वज्रासन, मर्जरी आसन, उष्ट्रासन, वृक्षासन तथा सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। योगिक जॉगिंग, प्राणायाम और ओम ध्वनि के अभ्यास से वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर गया।अंत में बच्चों ने राजयोग मेडिटेशन का अनुभव किया तथा संकल्प लिया कि वे जीवन में श्रेष्ठ संस्कारों और अष्ट शक्तियों को अपनाकर अपने व्यक्तित्व को शक्तिशाली बनाएंगे।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर निकाली गई जनजागरण रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी बिलासपुर ने विभिन्न कार्यक्रम का आयोजित किया। सिम्स परिसर से गोल बाजार तेलीपारा होते हुए जिला चिकित्सालय तक जन जागरण रैली निकाली गई।

सर्वप्रथम सिम्स चिकित्सालय में रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रबंध समिति के चेयरमैन डॉ. बी.एल. गोयल ने हेनरी डूनॉट के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। सिम्स परिसर से गोल बाजार तेलीपारा होते हुए जिला चिकित्सालय तक जन जागरण रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह से भाग लिया।

■ **मरीजों को बांटे गए फल लगाया स्वास्थ्य शिविर**

इसके बाद जिला चिकित्सालय में एसएनसीयू, एचडीयू, चिल्ड्रन वार्ड, महिला वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरित किया गया। स्थानीय उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर व सर्वाइकल कैंसर की जांच, बीपी, शुगर सहित अन्य बीमारियों का परीक्षण कर उचित सलाह दी गई।

कार्यक्रम में चेयरमेन प्रबंध समिति के डॉ बी एल गोयल, नोडल अधिकारी डॉय एमए जीवानी, जिला समन्वयक सौरभ सक्सेना, प्रभारी रेडक्रॉस आदित्य पांडेय, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, सुशील राजपूत, डॉ विद्या भूषण, रमेश सिंह, गीतेश्वरी चन्द्रा, नौरिश, अंजू राजपूत, नेहा, अंजलि उपस्थित थे।




स्पोर्ट्स न्यूज




राज्य स्तरीय मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया

# भारतीय हॉकी टीम के अंडर 18 में अवि का चयन

शहर के होनहार युवा अवि मानिकपुरी का चयन अंडर 18 भारतीय हॉकी टीम में हो चुका है। टीम 15 मई से भोपाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की रोमांचक द्विपक्षीय श्रृंखला में उतरेगी। पूरे छत्तीसगढ़ में हॉकी समुदाय, अभिभावक, कोचों और प्रशंसकों के मध्य प्रसन्नता की लहर व्याप्त है, जो युवाओं के लिए प्रेरणा का कार्य बन गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर के परिवेश से निकले अवि का हॉकी के प्रति बचपन से ही जुनून देखने लायक था। स्थानीय प्रतियोगिताओं से प्रारंभ कर उन्होंने राज्य स्तरीय मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सब जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके यादगार प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया।

हॉकी बिलासपुर के अध्यक्ष रोहित बाजपेयी ने कहा, अवि की यह सफलता वर्षों की निष्ठावान साधना का परिणाम है। हमारा पूरा संगठन गौरवान्वित है। इस सफलता में छत्तीसगढ़ हॉकी संगठन की अहम भूमिका रही। संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी और महासचिव डॉ.मनीष श्रीवास्तव ने हर स्तर पर समर्थन दिया।

कोच राजेश हेनरी, हरिशंकर हेटा, मृणाल चौबे, अनुराग श्रीवास्तव, अमिताभ मानिकपुरी, अवि के पिता जितेंद्र मानिकपुरी व माता शशिकला मानिकपुरी, धनीराम यादव, रवि पारिख, सोनू सिंह एवं जावेद ने उनके कौशल को परिष्कृत किया। अवि वर्तमान में मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी, भोपाल में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। यहां ओलंपियन समीर दाद, भारतीय हॉकी के महानायक, उनका प्रत्यक्ष संरक्षण कर रहे हैं। समीर दाद बोले, अवि में असीम क्षमता निहित है। उनकी ड्रिब्लिंग और टेकलिंग विश्व मापदंड की है। निरंतर परिश्रम से वे शीघ्र ओलंपिक स्तर छू लेंगे।" अकादमी की उन्नत सुविधाएं और समीर दाद की विशेषज्ञता ने अवि को राष्ट्रीय ट्रायल्स में चमकाने में मदद की।

## खबर संक्षेप

### फर्जी पुलिसकर्मी बनकर 8 हजार की वसूली

**बिलासपुर।** फर्जी पुलिसकर्मी बनकर दो युवकों ने माल वाहन गाड़ी को रोककर ड्राइवर से 8 हजार रुपए आनलाइन ट्रांसफर करा लिया। पुलिस ने कार सवार युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया, 5 मई को मध्य प्रदेश उमरिया निवासी ड्राइवर सुरेन्द्र जायसवाल माल वाहक गाड़ी में तम्बाकू, गेंहू लोड कर छोड़ने व्यापार विहार व अकलतरा जा रहे थे। सुबह 8 बजे लोंखड़ी के पहले कार सवार दो युवकों ने हाथ दिखाकर उनकी गाड़ी रोकवाई और अपने आपको पुलिसकर्मी बताते हुए गाड़ी के दस्तावेज व सामान की बिल्टी दिखाने कहा। ड्राइवर ने सभी दस्तावेज दिखा दिया। उसके बाद भी दोनों युवक कुछ तो देना होगा कहने लगे। ड्राइवर ने मोबाइल में फोन लगाकर अपने मालिक से बात कराई। उसके बाद भी दोनों युवक कार्रवाई करने की बात कहकर ड्राइवर को कार में बैठाकर 4 घण्टे तक इधर उधर घुमाते रहे। दोपहर 12 बजे दोनों युवक ड्राइवर को पुराना बस स्टैण्ड लेकर गए और डरा धमका कर आनलाइन 8 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर छोड़ दिया। ड्राइवर ने अपनी गाड़ी लेकर व्यापार विहार, अकलतरा में सामान खाली करने के बाद वापस जाकर घटना की जानकारी गाड़ी मालिक को दी। उसके बाद दोनों सकरी थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने ड्राइवर की रिपोर्ट पर अज्ञात कार सवार दो युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पूर्व पार्षदपति से मारपीट दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शराब पिलाकर पूर्व पार्षद पति से मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी निवासी पूर्व पार्षद पति रोशनलाल पाटले ने रिपोर्ट लिखाई। 4 मई की रात वे रेलवे स्टेशन से घर लौट रहे थे। नयापारा में सोलापुरी माता का कार्यक्रम चल रहा था। यू मुरलीराव, विष्णु तिवारी वहां खड़े थे। दोनों उन्हें कार में बैठाकर शराब दुकान ले गए। शराब खरीदने के बाद बंगलायार्ड मोड़ के पास कार खड़ी कर शराब पी रहे थे। उसके बाद दोनों सिरगिट्टी थाना के पास नर्मदा कोल्डिंग फैक्ट्री के गली में ले जाकर दोनों ने पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए उनके साथ मारपीट की है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जमीन बेचने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** मोपका में जमीन बेचने का झांसा देकर एक युवक से 20 लाख रुपए की ठगी करने वाले जमीन दलाल के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, पावर हाउस निवासी सपेला राजशेखर 25 साल वर्ष 2024 में पिता के रिटायर्ड होने के बाद खरीदने के लिए जमीन की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान पावर हाउस चौक निवासी जमीन दलाल मिथिल शर्मा ने उनसे संपर्क कर उन्हें मोपका में अपनी जमीन दिखाई। 2250 वर्ग फीट जमीन खरीदने के लिए राजशेखर तैयार हो गए। उन्होंने बयाना के तौर पर ऑनलाइन व नकद के माध्यम से उसे 20 लाख रुपए दे लिया। शेष रकम रजिस्ट्री होने पर देने की बात कही गई। श्री राजशेखर उसे जमीन की रजिस्ट्री कराने को कहते तो वह घूमाने लगता था। इस पर उन्हें संदेह हुआ उन्होने उक्त जमीन के संबंध में पतासाजी की तो जानकारी हुई। उक्त जमीन दूसरे के नाम पर दर्ज है। श्री राजशेखर ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दलाल मिथिल शर्मा के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**20 से अधिक कालोनियों के लोग बुनियादी सहूलियतों को तरस रहे**

**अवैध प्लाटिंग शहर के साथ ही आसपास के क्षेत्र की बसाहट को अव्यवस्थित कर रही**

# अवैध प्लाटिंग के 370 से अधिक मामले, एफआईआर सिर्फ 32 पर, बाद में नियमित भी कर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध प्लाटिंग शहर के साथ ही आसपास के क्षेत्र की बसाहट को लगातार अव्यवस्थित कर रहा है। बिलासपुर तहसील के अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के 370 से अधिक मामले हैं लेकिन इनमें से नगर निगम ने केवल 32 के खिलाफ एफआईआर किया है।

वहीं टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने धारा 36 और 37 के अंतर्गत 65 अवैध कालोनाइजर को नोटिस तो दे दिया पर परिवाद एकमात्र व्यक्ति के खिलाफ दायर किया गया। जहां तक राजस्व विभाग की बात है तो कार्रवाई के मामले में उसके आंकड़े बहुत कम हैं। निगम एरिया के बाहर अवैध प्लाटिंग के मामलों में राजस्व विभाग को कार्रवाई का अधिकार है। सब जानते हैं कि अवैध प्लाटिंग के गोरखधंधे में करोड़ों के वारे न्यारे हो रहे हैं। ऐसे में यदि इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही हो तो इनसे जुड़े विभागों पर सवालिया निशान लग जाते हैं। गौरतलब है कि राज्य शासन बार-बार कहता है कि शहर तभी व्यवस्थित होगा, जब अनियंत्रित और स्वरूप बिगाड़ने वाले अवैध प्लाटिंग बंद होंगे। जब तक अवैध कालोनाइजर की कारगुजारियां होंगी तब तक शहर व्यवस्थित नहीं होगा। हालांकि इसका पालन नहीं के बराबर है। अवैध कालोनियों के लोग जानते हैं कि प्लाट लेने के बाद आज वह पानी, बिजली, सड़क, सफाई जैसी सुविधाओं के मोहताज हैं। अवैध कालोनियों को निगम और बिजली विभाग बिजली कनेक्शन तक नहीं देता।

शहर में ही 20 से अधिक कालोनियां ऐसी हैं, जहां के लोग बुनियादी सहूलियतों को तरस रहे हैं। गोकुल नगर के पास अवैध कॉलोनी जहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है।

### यहां अवैध प्लाटिंग की सबसे अधिक शिकायतें

अवैध प्लाटिंग की सबसे ज्यादा शिकायतें सकरी लोखंडी, मंगला और तखतपुर क्षेत्र से आई हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके अतिरिक्त आउटर के उस्लापुर, मोपका, खमतराई, बहतराई, बिजौर, तोरवा, कोनी, सिरगिट्टी, तिफरा में अनियोजित विकास हो रहा है। अवैध प्लाटिंग रोकने प्रशासन नाकाम है और लोग सस्ते प्लाट के चक्कर में लगातार ठगे जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि प्रशासन यदि ठान ले तो अवैध प्लाटिंग एक ही बार में बंद हो जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन रजिस्ट्री कार्यालय को स्पष्ट निर्देश दे कि वह बिना डायवर्सन, ले आउट देखे किसी भी प्लाट की रजिस्ट्री न करें। ऐसा करने से थोक के भाव में हो रही रजिस्ट्री नियंत्रित हो जाएगी।




### नगर निगम में पांच साल में 296 मामले

नगर निगम के अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के मामलों में 2019 से तेजी आई, जब निगम सीमा का विस्तार हुआ। नगर निगम के भवन शाखा ने पिछले 5 सालों में अवैध प्लाटिंग के 296 मामले दर्ज किए हैं। इनमें से 32 प्रकरणों पर एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। भवन शाखा के अनुसार भूस्वामियों के बारे में जैसे-जैसे जानकारी मिलती जाएगी, कार्रवाई की जाएगी। इसके अलाव राजस्व विभाग से खसरा नंबर के आधार पर भूस्वामियों के नाम-पते मांगे गए हैं। भवन शाखा के अनुसार मेयर इन काउंसिल ने अवैध प्लाटिंग के मामले में 125 रुपए प्रति वर्ग फुट का विकास शुल्क निर्धारित किया है। अब अवैध प्लाटिंग करने वालों से शुल्क वसूलने के लिए उनके खिलाफ परिवाद दायर किया जाएगा।

### टीएनसीपी में 65 को नोटिस परिवाद एक के खिलाफ

नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अनुसार अवैध प्लाटिंग के मामले में निगम एरिया में नगर निगम तथा बाहर पंचायत क्षेत्रों में राजस्व विभाग को कार्रवाई का अधिकार है। अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम की धारा 36-37 के अंतर्गत परिवाद दायर करने का अधिकार संचालक को है। इस संबंध में 65 लोगों को नोटिस जारी किया गया है। सैदा में अवैध प्लाटिंग के एक मामले में परिवाद दायर किया गया है।

### की जाएगी कार्रवाई

भूस्वामियों के बारे में जैसे-जैसे जानकारी मिलती जाएगी, कार्रवाई की जाएगी। इसके अलाव राजस्व विभाग से खसरा नंबर के आधार पर भूस्वामियों के नाम-पते मांगे गए हैं।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम आयुक्त

## गोलबाजार में ट्रैफिक जाम...



**बिलासपुर।** शनिवार की दोपहर गोलबाजार मानसरोवर चौक पर चारो ओर से वाहनों के आ जाने से ट्रैफिक जाम हो गया। सिटी कोतवाली थाने के सामने स्थित इस चौक पर एक भी ट्रैफिक पुलिस का सिपाही नहीं था। इस गर्मी में जाम में फंसे लोग एक घंटे पसीना बहाते रहे।

## जन्मदिन की पार्टी के दौरान दो गुटों में जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** बीती रात 12 बजे गतौरी स्थित एक ढाबा में जन्मदिन मनाने के दौरान दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों के हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, उसलापुर निवासी दीक्षा वर्मा बीएए की पढ़ाई कर रही हैं। 7 मई की रात 10 बजे वे अपने भाई दक्ष वर्मा, प्रतीक्षा वर्मा, अभिनव सोनी, प्रियांशु मिश्रा के साथ कार क्रमांक सीजी 07 बीयू 9183 में खाना खाने गतौरी ग्लोरी ढाबा गई थीं। खाना खाने के बाद सभी कार से लौट रहे थे। रास्ते में दीक्षा ने देखा तो उनका मोबाइल नहीं था। सभी मोबाइल लेने के लिए फिर से ढाबा गए। वहां जन्मदिन मना रहे शिवांश शुक्ला ने अभिनव सोनी को कमेंट करते हुए कहा प्रियांशु मिश्रा को समझा दो नहीं तो मार पड़ेगी। अभिनव ने कहा दोनों आपस में बात कर लो। नशे में शिवांश एवं उसके दोस्तों ने गाली गलौज करते हुए युवक व युवतियों के साथ मारपीट करना शुरू कर दी। जिससे दीक्षा, अभिनव, दक्ष वर्मा, प्रियांशु मिश्रा को चोट आई। वहीं दीक्षा का मोबाइल पटककर तोड़ दिया गया। मारपीट के दौरान उनका दो सोने की अंगूठी कहीं गिर गई है। दूसरे पक्ष से शिवांश शुक्ला ने आरोप लगाया है अभिनव सोनी ने फोनकर प्रियांशु मिश्रा को मारने का प्लान बना रहे हो कहकर गाली देने लगा। कुछ देर बात वह अपने साथियों के साथ मारपीट की है। पुलिस ने दीक्षा की रिपोर्ट पर हमलावर शिवांश शुक्ला, अक्षय साहू, शिवम दुबे, अक्षय सोनी, चारू देवांगन, शिवम सराफ, आकाश सराफ, यश सराफ, अमन ठाकुर एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 296, 324, 3, 351, 3 व शिवांश शुक्ला की रिपोर्ट पर हमलावर अभिनव सोनी, प्रियांशु मिश्रा, दक्ष वर्मा, दीक्षा वर्मा, प्रतिक्षा वर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ा

देर रात ढाबा में युवक युवतियों के द्वारा जमकर मारपीट कर तोड़फोड़ कर आंतक मचाया गया। पुलिस ने दोनों पक्ष के खिलाफ अपराध कर हमलावरों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है।

**सरकंडा, चांटीडीह और चिंगराजपारा को जोड़ने वाले पुल से ट्रैफिक ठीक होगा**

# रपटा पर 15 करोड़ में बन रहा नया पुल 300 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के सरकंडा, चांटीडीह और चिंगराजपारा को जोड़ने वाला शनिचरी रपटा पुल के बगल में एक और नया पुल बनाया जा रहा है। यह ब्रिज 300.50 मीटर लंबा और 8 मीटर चौड़ा होगा, जिसकी लागत लगभग 15 करोड़ रुपए होगी। इस नए ब्रिज के बन जाने से शहरवासियों को सुगम यातायात के साथ अरपा नदी का मनमोहक दृश्य भी देखने को मिलेगा।

शहर के विकास और यातायात की मांग को देखते हुए प्रशासन ने पुराने पुलों को तोड़कर नए पुल बनाने की दिशा में काम शुरू किया है। शनिचरी रपटा पुल को मध्यप्रदेश शासन के दौरान आवश्यकतानुसार बनाया गया था, परंतु इसकी ऊंचाई कम होने के कारण बाढ़ के समय यह पुल डूब जाता था। समय के साथ शहर का विस्तार हुआ, और आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग इस पुल का उपयोग करने लगे, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।




शनिचरी रपटा के पास चल रहा निर्माण कार्य।

### जगह की कमी के कारम 8 मीटर होगा चौड़ा

स्थानीय निवासियों की लंबे समय से यह मांग थी कि इस पुल को ऊंचा और चौड़ा किया जाए। प्रशासन ने इस मांग को मानते हुए इसे बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा, जिसे अब मंजूरी मिल चुकी है। शनिचरी रपटा पुल अब 7,887 फीट लंबा और 26 फीट चौड़ा बनेगा, जो शहर की यातायात आवश्यकताओं को पूरा करेगा। अधिकारियों के अनुसार, शहर की आवश्यकता को देखते हुए रपटा पुल को 12 मीटर चौड़ा बनाया जाना चाहिए था लेकिन जगह की कमी और भूमि अधिग्रहण में आने वाली अड़चनों को देखते हुए इसे 8 मीटर चौड़ा रखने का निर्णय लिया गया है।

### मंगला को लोधीपारा से जोड़ने के लिए दूसरा ब्रिज

अरपा नदी पर एक और ब्रिज मंगला से पुराना सरकंडा होते हुए लोधीपारा को जोड़ने के लिए बनेगा, जिसकी लंबाई लगभग 400.50 मीटर और चौड़ाई 8 मीटर होगी। इस ब्रिज पर 15 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इसके निर्माण से मंगला और आसपास के गांवों के लोगों को सरकंडा जाने के लिए इंद्रासेतु पुल की निर्भरता कम होगी और लंबे जाम से राहत मिलेगी।

### नजारा होगा बेहद आकर्षक

अधिकारियों का दावा है कि अरपा के किनारे का नजारा आने वाले दिनों में काफी सुंदर होगा। अरपा नदी में सालभर पानी रहेगा, और इसके दोनों किनारों को पिकनिक स्पाट के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां नौका विहार की सुविधा होगी। रात में दोनों ब्रिज से होकर गुजरने वाले लोगों को नदी के किनारों का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा।

## लाखों की लकड़ी सहित पकड़े गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अवैध वृक्ष कटाई करने के बाद लाखों की लकड़ी का भंडारण अपने घर में करने वालों के खिलाफ वन विभाग की ओर से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

मरवाही वन मंडल में अवैध पेड़ों की कटाई और परिवहन का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पहले यहां के जंगल में सैकड़ों पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई, जिसमें प्रदेश की उड़नदस्ता टीम ने आकर जांच की। इस दौरान लाखों के पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया था। वहीं मरवाही वनमंडल अंतर्गत गौरेला परिक्षेत्र के पिपरखुंटी बीट के कक्ष क्रमांक 2324 एवं 2325 में अवैध वृक्ष कटाई एवं लकड़ी भंडारण के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई की गई। विभाग को 4.30 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि पीपरखूंटी के दो मकानों में लाखों की लकड़ी भंडारण की गई है। सूचना मिलने के बाद मरवाही वन मंडल की वन मंडलाधिकारी ग्रीष्मी चांद के आदेश पर वन विभाग की ओर से सर्च वारंट जारी किए गए। आदेश मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने दो मकानों में दबिश दी, जहां भारी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित साल लकड़ी बरामद की गई। इसमें कुल 136 नग चिरान साल लकड़ी एवं 11 नग साल लट्ठे व सागौन सहित लाखों की लकड़ी जब्त करने के साथ आरोपी लालसिंह राठौर, धनाराम और बासिनटोल में सागौन सहित आरोपी मुन्ना भाई को गिरफ्तार कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त अवैध कटाई एवं चिराई में उपयोग किए जाने वाले उपकरण भी बरामद किए गए, जिनमें हाथ आरी, इलेक्ट्रिक चेनसॉ एवं कुल्हाड़ियां इस कार्यवाही में संलिप्त दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है तथा उनके विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। विभाग के अनुसार मामले में आगे की जांच एवं कार्रवाई लगातार जारी है, जिसमें जब्त वनोपज की मात्रा में और वृद्धि होने की संभावना है।

### मोबाइल हैक कर ड्राइवर से 1 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** मोबाइल हैक कर ड्राइवर से 1 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बंधवापारा इमलीभाठा निवासी राजकुमार यादव पिता सूरज यादव 37 साल गाड़ी चलाने का काम करते हैं। 7 मई को उनका मोबाइल हैक हो गया। उन्होंने अपने मोबाइल का साफ्ट वेयर अपटेड करने के बाद अपना गुगल एकाउंट अपडेट किया और बैंक बैलेंस देखा तो उनके बैंक खाते से 1 लाख रुपए निकल गए थे। जालसाजों ने उनका मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिया है। पुलिस ने श्री यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152


## मामूली विवाद में दो युवकों पर चाकू से हमला, एक की मौत

**बिलासपुर।** बारात जाने के दौरान गाड़ी में मामूली विवाद होने पर दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया। घायलों को इलाज के लिए सिम्स लाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक का इलाज चल रहा है।

रतनपुर देवरी निवासी रामरतन प्रधान ने बताया, 8 मई को लक्ष्मी प्रधान पिता शिव कुमार प्रधान 26 साल, सूरज कश्यप 26 साल गांव से पिकअप में सवार होकर सरगांव बारात जा रहे थे। रास्ते में दो नाबालिग गाड़ी के इंजन के ऊपर बैठ गए थे। लक्ष्मी ने दोनों को नीचे उतने पर को कहा तो दोनों नाबालिग नीचे उतरकर गाली गलौज करने लगे। लक्ष्मी ने गाली देने से मना किया तो दोनों नाबालिगों ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। सूरज कश्यप ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।



मृतक।



घायल।

बाराती गाड़ी में चाकूबाजी होने से हड़कंप मच गया। आनन फानन में दोनों घायल युवकों को इलाज के लिए सिम्स लाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद लक्ष्मी प्रधान को मृत घोषित कर दिया। वहीं सूरज कश्यप का इलाज चल रहा है। 9 मई को सिम्स चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com




1 जुलाई, 7 जुलाई, 15 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट:-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर भालू ने किया हमला, घायल

**भर्रीडांड़।** तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर जंगली भालू ने हमला कर दिया। मिली जानकारी अनुसार मरवाही वन मंडल के सिवनी परिक्षेत्र में शनिवार सुबह ग्राम धरहर निवासी महिला मनकी बाई प्रजापति पति महाराजी लाल उम्र 60 वर्ष तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गई थी। इसी दौरान जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। यह देख कर साथ गई अन्य महिलाओं ने शोर मचाया, जिससे भालू जंगल की ओर भाग गया। मनकीबाई की गंभीर हालत को देखकर डायल 108 को सूचना दी एवं ड्यूटी पर तैनात आपातकालीन ड्यूटी स्टाफ ईएमटी गणेश्वर प्रसाद, पायलट दयाशंकर ने तत्काल पहुंचकर डॉ हिमांशु नहरेल के मार्गदर्शन में जीवन रक्षक दवाइयों का उपयोग तथा प्राथमिक उपचार प्रदान करते हुए महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाही में भर्ती कराया। महिला का इलाज जारी है, और स्थिति सामान्य बनी हुई है।



### शारीरिक प्रशिक्षण कॉलेज पेंड्रा के टॉपर बने रमेश

**लोरमी।** छत्तीसगढ़ के एकमात्र शासकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय पेंड्रा डीपीएड द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के परिणाम घोषित किए गए, जिनमें रमेश कुमार राठौर ने 83.45 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य एवं महाविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। रमेश कुमार राठौर शासकीय प्राथमिक शाला सेमरापारा रबेली से विभागीय प्रशिक्षु रहे। उनकी यह उपलब्धि महाविद्यालय परिवार, शिक्षक तथा संपूर्ण क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता गुरुजनों के मार्गदर्शन तथा निरंतर मेहनत को दिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सहपाठियों ने कहा कि, सफलता लगन, परिश्रम, मेहनत से अवश्य मिलेगी ही, निराश नहीं होना है। आज मिसाल कायम करते हुए रमेश सिंह ने इस मुकाम को हासिल किया है।



### भाजपा जरहागांव मंडल की मासिक बैठक

**जरहगांव।** भारतीय जनता पार्टी मंडल जरहागांव जिला मुंगेली की मासिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक मुंगेली पुन्नूलाल मोहले, मंडल प्रभारी प्रदेश मंत्री विनय साहू, जिला उपाध्यक्ष सुनिल पाठक, जिपं अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर जायसवाल ने की तथा मंच संचालन महामंत्री डॉ राम कुमार साहू ने किया। साथ ही कार्यक्रम में जिला कार्यालय मंत्री कोटूमल ददवानी, मुंगेली ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डॉ राजीव श्रीवास, नपं बरेला अध्यक्ष नरेश पटेल, नपं जरहागांव अध्यक्ष प्रतिनिधि वेद प्रकाश कश्यप, जपं सभापति राज साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति के अनुरूप अनुशासन एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही आगामी दिनांक 10 मई को सुशासन तिहार कार्यक्रम के निमित्त मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय के मुंगेली आगमन पर चर्चा हुई।इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### साईकिल रिपेयरिंग दुकान में लगी आग, मामला दर्ज

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना के प्रेम नगर छुराकछार निवासी मुन्ना केंवट के साइकल दुकान में शुक्रवार की रात आगजनी की घटना घटित हुई है। बताया जाता है कि किसी असमाजिक तत्वों के द्वारा दुकान के सामने रखें पुराने टायर और मोटरसाइकिल को आग के हवाले किया था जिसकी चपेट में बिजली मीटर भी जलकर खाक हो गई है। मुन्ना साइकल स्टोर के संचालक का कहना है कि बीती रात यह घटना होने के बाद आसपास के लोगों द्वारा जानकारी दी। घटनास्थल पहुंचने पर दुकान के संचालक ने देखा कि उनके दुकान के सामने रखें पुराने स्क्रैप में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी है जिसकी सूचना मुन्ना केंवट साइकल दुकान के संचालक और क्षेत्र पार्षद प्रेम कुमार ने सुबह कुसमुंडा थाना पहुंचकर इस घटना की जानकारी दी।

### हितग्राहियों को सामग्रियों का किया गया वितरण

**कोरबा।** पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत बसीबार में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया गया। कृषि विभाग की शाकंभरी योजना के अंतर्गत ईश्वरी बाई, विनोद कुमार को सिंचाई पंप प्रदान किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पाँच हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। समाज कल्याण विभाग ने एक हितग्राही नूतन कुमार को व्हीलचेयर, तीन हितग्राहियों को श्रवण यंत्र तथा पाँच हितग्राहियों को छड़ी प्रदान की। शिविर में कुल 526 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 142 आवेदनों का निराकरण स्थल पर ही किया गया। बसीबार क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले सभी 11 ग्राम पंचायतोंकृबसीबार, तिवरता, सिरकीखुर्द, लिटियाखार, केराकछार, रतिजा, चैनपुर, उडता, पुटा, रैनपुरखुर्द और नोनबिर्राकृके ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से शिविर में भाग लिया।

## शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं और समाधान की ली जानकारी

# कार्यभार ग्रहण करते ही जनसेवा में जुटे नए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले में नव पदस्थ कलेक्टर डॉ संतोष कुमार देवांगन ने कार्यभार ग्रहण करने के तत्काल बाद दूरस्थ अंचल के ग्राम पंचायत बस्ती में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं और उनके समाधान की जानकारी ली। उन्होंने शिविर में आवेदन देने वाले ग्रामीणों और संबंधित विभाग के अधिकारी को मंच के समक्ष बुलाकर ग्रामीणों की मांग पर कार्रवाई के बारे में संबंधित अधिकारी को बताने के निर्देश दिए।



ग्रामीणों के ऋण पुस्तिका, पटटा, वन अधिकार पत्र, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा सुधार, फौती नामांतरण आदि राजस्व विभाग से संबंधित आवेदनों का निराकरण शीघ्रता से करने एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन अधिकार पत्र से संबंधित आवेदनों के निराकरण के लिए राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम को आवेदकों की एक साथ बैठक लेकर सही जानकारी और मार्गदर्शन देने कहा। इसी तरह अन्य विभागों के आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत होते हुए उन्हें भी आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण करने और अगले शिविर में निराकरण की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि, आम जनता अपना रोजी-रोटी छोड़ कर भरोसे के साथ शिविर में आते हैं, उन्हें झूठा आश्वासन नहीं देना है। उन्हें सही जानकारी दे, उनका मार्गदर्शन करें, नियम प्रक्रिया में नहीं आने अथवा पात्रता नहीं होने की स्थिति में आवेदकों को अवगत कराएं। शिविर में कुल 708 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया जा रहा है।

शिविर में बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची थे मौजूद रहे। उन्होंने भी ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने और अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने पदीय दायित्वों का निर्वाहन निष्ठापूर्व करने के निर्देश दिए। शिविर में जन प्रतिनिधियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत 8 बच्चों का अन्न प्राशन कराया तथा 9 गर्भवति महिलाओं की गोद भराई रस्म कर पौष्टिक आहार से भरा थाल प्रदान किए। जन प्रतिनिधियों और कलेक्टर ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं, गतिविधियों एवं प्राप्त आवेदनों आदि की जानकारी प्राप्त की । शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत सदस्य बूंद कुवर मास्को, भवर सिंह गोवास, पवन पैकरा, पुलिस अधीक्षक मनोज खिलारी, डीएफओ ग्रीष्मी चांद सहित अनेक जन प्रतिनिधि, नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## गलियों में पैदल भ्रमण कर लिया जनगणना कार्यों का जायजा

**पेंड्रा।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ संतोष कुमार देवांगन ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद पेंड्रा के वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 स्थित तेंदूपारा क्षेत्र में पहुंचकर जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने गलियों में पैदल भ्रमण कर प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे मकान गणना कार्य की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ देवांगन ने कहा कि, जनगणना कार्यक्रम का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें मकानों की गणना का कार्य किया जाना है। यह कार्य प्रगणक एवं पर्यवेक्षक द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, शासन की मंशा है कि यह कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो। इसके लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी उत्साहपूर्वक कार्य करें तथा नागरिक भी सहयोग प्रदान करें। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और सही जानकारी उपलब्ध कराना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि, जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की योजनाओं और विकास कार्यों की आधारशिला बनते हैं। निरीक्षण के दौरान जनगणना कार्य में आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर भी चर्चा हुई, जिससे मौके पर ही समाधान निकालने में मदद मिली। कलेक्टर के अचानक मैदान में उतरकर निरीक्षण करने से प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों में उत्साह देखा गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे, एसडीएम विक्रांत अंचल, डिप्टी कलेक्टर अमित बेक, नगर पालिका सीएमओ अमनदीप मिंज सहित जनगणना से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आज मुंगेली के दौरे पर रहेंगे सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 10 मई रविवार को जिला मुख्यालय मुंगेली पहुचेंगे। इस दौरान वे मुंगेली नगर पालिका के चौक-चौराहों में महापुरुषों एवं संतों की प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय जिले में 353 करोड़ 58 लाख रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे, जिनमें 152 करोड़ 2 लाख रूपये से अधिक के 284 कार्यों का लोकार्पण एवं 201 करोड़ 56 लाख रूपए से अधिक के 130 कार्यों का शिलान्यास शामिल है। जिला मुख्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री श्री साय पुष्प वाटिका एवं चौपाटी, नहर, एनीकट, लाइवलीहुड कॉलेज भवन पहुंच मार्ग, मुंगेली भटगांव पहुंच मार्ग सहित अन्य सड़कों, स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोतिमपुर, लालपुर थाना, लोरमी पथरिया, सरगांव, विभिन्न ग्रामों में निर्मित महतारी सदनों, छात्रवासों, जल जीवन मिशन के कार्यों, सामुदायिक भवनों, विभिन्न ग्राम पंचायत में निर्मित अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों, प्राथमिक शाला भवनों, सांस्कृतिक मंचों, सीसी सड़कों, अमृत सरोवरों में विभिन्न कार्य, विभिन्न ग्रामों के आंगनबाड़ी भवनों सहित अन्य कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसी तरह विभिन्न ग्रामों में सीसी रोड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सड़क मार्गों, विभिन्न ग्रामों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों, मुंगेली नगर पालिका में एसटीपी सहित अन्य वार्डों में तालाब सौंदर्यीकरण, फुटपाथ निर्माण, पुल निर्माण सहित विभिन्न निर्माण आदि का शिलान्यास करेंगे।



### ट्रेलर ने बाइक सवार एसईसीएल कर्मी को मारी टक्कर, मौत

**गेवरा-दीपका।** शनिवार को तड़के एक ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक मोटर साइकिल को अपनी चपेट में लिया। इस घटना से बाइक में सवार एसईसीएल कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई है। कुसमुंडा रोड की स्थिति निहायती खराब हो गई है जिस वजह से आए दिन कोई ना कोई छोटी-बड़ी घटना होती रहती हैं इन्हीं घटनाओं में एसईसीएल कर्मी की भी मौत ट्रेलर के नीचे आने से मौत हो गई। एसईसीएल कर्मी दुखीराम यादव जो बांकीमोंगरा का निवासी बताया जा रहा है उम्र तकरीबन 55 वर्ष के आसपास की है।

## औषधि व खाद्य विभाग का जन जागरूकता व निरीक्षण अभियान

**मुंगेली।** जिले में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री और औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित 'सही दवा-शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार' अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में औषधि एवं खाद्य विभाग की ओर से व्यापक जनजागरूकता और निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान एक ओर जहां विद्यार्थियों और आम नागरिकों को एंटीबायोटिक दवाओं के दुष्प्रभाव एवं सुरक्षित दवा सेवन के प्रति जागरूक किया गया, वहीं दूसरी ओर फल एवं सब्जी प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया गया। औषधि विभाग की टीम ने नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय, मितानिन ट्रेनर समूह मुंगेली एवं शासकीय एसएनजी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों और नागरिकों को बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए पंजीकृत चिकित्सक की सलाह पर ही दवाओं का सेवन करने की समझाइश दी। इसी क्रम में खाद्य विभाग की टीम ने शहर के फल एवं सब्जी प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न फल दुकानों में साफ-सफाई, खाद्य पंजीयन तथा फलों को पकाने में उपयोग किए जाने वाले रसायनों की जांच की गई। इस दौरान व्यापारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए हानिकारक कैमिकल अथवा गैस का उपयोग न करें तथा बिना खाद्य पंजीयन के व्यवसाय संचालन न करें। अधिकारियों ने आम नागरिकों को ताजे फल एवं सब्जियों का उपयोग करने, बिना स्टीकर वाले फलों की खरीद तथा सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री अपनाने की समझाइश दी।



### सुशासन तिहार शिविर में उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन तिहार के तहत नगरपालिका क्षेत्र मुंगेली के मंडी स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मुंगेली की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। 90 प्लस अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की छात्रओं को जिला कलेक्टर कुंदन कुमार और विधायक पुन्नूलाल मोहले ने प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार नवरंग ने बताया कि, सत्र 2025-26 में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा 10वीं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 97.31 प्रतिशत दर्ज हुआ। वहीं कक्षा 12वीं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 95.16 प्रतिशत रहा। इसी तरह पीएमश्री बीआर साव शासकीय विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पन्नू लाल मोहले उपस्थित रहे।

## 3 बच्चों के साथ महिला लापता, समाज में बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

- तेज कार्रवाई करने जयसवाल समाज ने थाने में सौंपा ज्ञापन

तखतपुर थाना क्षेत्र में महिला और उसके तीन बच्चों के लापता होने का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। कुछ दिन पूर्व खबर प्रकाशित की गई थी कि, ग्राम सांवाडबरा निवासी 32 वर्षीय कलेश्वरी जायसवाल अपने तीन बच्चों के साथ बहन से मिलने बिलासपुर जाने निकली थी, लेकिन वह संदिग्ध परिस्थितियों में मुंगेली पहुंच गई और इसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल सका। मामले में परिजनों ने थाना तखतपुर में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इसी घटना को लेकर अब जायसवाल समाज में भी चिंता बढ़ गई है।

शनिवार को विजयपुर राज क्षेत्र से जायसवाल समाज के लगभग 100 से अधिक लोग तखतपुर थाने पहुंचे और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मामले में तेजी से कार्रवाई करने की मांग की। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि, घटना को कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक महिला और बच्चों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है, जिससे परिजन लगातार परेशान और चिंतित हैं।समाज के अध्यक्ष प्यारेलाल जायसवाल ने कहा कि, परिवार की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है तथा पूरे समाज में बेचैनी का माहौल है। उन्होंने पुलिस से खोजबीन तेज कर जल्द से जल्द महिला और बच्चों को सुरक्षित तलाशने की मांग की।




थाना प्रभारी विवेक पांडे ने समाजजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि, पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि, महिला और बच्चों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित कर विभिन्न स्थानों पर जांच एवं पूछताछ की जा रही है और जल्द ही मामले में सकारात्मक जानकारी मिलने की उम्मीद है।

## डॉक्टर बनने पर डॉ अमतुल्ला का सम्मान



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज सिम्स बिलासपुर से एमबीबीएस उत्तीर्ण कर 2020 बैच की छात्रा डॉ अमतुल्ला शाम ने डॉक्टर की उपाधि प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनके पिता सैफुद्दीन शाम एवं माता तसनीम शाम, दादा फखरुद्दीन शाम, भाई कुशय शाम ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। ग्रेजुएशन डे समारोह के अवसर पर सिम्स के डीन डॉ रमेश मूर्ति ने अमतुल्ला शाम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ अमतुल्ला ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुओं और कठिन परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि, भविष्य में समाज की सेवा कर स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर योगदान देना उनका लक्ष्य है।

### हाई वोल्टेज टावर के नीचे मुरूम खनन, ग्रामीण आक्रोशित

**बिलासपुर** जिले के ग्राम लोफंदी में हाई वोल्टेज बिजली टावर के समीप चल रहे मुरूम खनन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गांव में बड़े पैमाने पर की जा रही खुदाई को लेकर लोग सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि, जिस स्थान पर खनन किया जा रहा है, वहां से भारी क्षमता की विद्युत लाइन गुजरती है और टावर के आसपास लगातार मिट्टी हटाए जाने से बड़ा हादसा हो सकता है। मौके पर गहरी खुदाई और भारी वाहनों के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से यहां मुरूम निकाला जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि, खनन कार्य पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय जिम्मेदार लोगों की जानकारी में चल रहा है।

## कारीडोंगरी समाधान शिविर में लाभान्वित हुए हितग्राही

**लोरमी।** लोरमी विकासखंड के ग्राम कारीडोंगरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला समूह की सदस्याएं, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जनपद पंचायत लोरमी की अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने लोगों को प्रोत्साहित किया गया। शिविर में 26 ग्राम पंचायतों के 780 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनका प्रभावी निराकरण किया जा रहा है।



इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने कहा कि, राज्य सरकार की मंशा है कि, अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। वनमंडल अधिकारी अभिनव कुमार ने कहा कि, जनमानस ही सर्वोच्च होता है, और प्रशासन का दायित्व जनता की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि, यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो संबंधित अधिकारियों तक अपनी बात अवश्य पहुंचाएं, ताकि समय पर निराकरण किया जा सके।

### लाभान्वित हुए हितग्राही

शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया, इनमें 13 हितग्राहियों को पीएम जनमन आवास की चाबी, 29 हितग्राहियों को स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय स्वीकृति आदेश, 5 लोगों को जॉब कार्ड, 20 लोगों को सामुदायिक निवेश कोष का चेक, 8 पेंशन स्वीकृति आदेश, 10 लोगों को राशन कार्ड वितरण, 2 लोगों को महाजाल और इस बॉक्स, 10 कृषकों को फलदार पौधे, 30 श्रमिकों को श्रमिक पंजीयन कार्ड, 5 लोगों को नानी सुरक्षा बॉन्ड पेपर, 5 महिलाओं को पोषण अभियान अंतर्गत सुपोषण टोकरी का वितरण, विद्यारंभ योजना अंतर्गत पांच बच्चों को प्रमाण पत्र, 11 किसानों को केसीसी अंतर्गत चेक, 10 किसानों को अरहर मिनी किट और 09 लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

## लंबित व प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का किया गया निराकरण

# जिला न्यायालय में वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला न्यायालय परिसर में वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने जिला न्यायालय परिसर स्थित लॉयर्स हॉल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त जिला न्यायालयों से जुड़कर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने उपस्थित न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि, नेशनल लोक अदालत केवल प्रकरणों के बोझ को कम करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सुलह और आपसी समझ से न्याय स्थापित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का एक महत्वपूर्ण ड्रीम प्रोजेक्ट है, जो विवादों को आपसी सहमति से समाप्त कर पक्षकारों के बीच मनमुटाव और दुश्मनी की भावना को भी खत्म करता है। उन्होंने अधिक से अधिक मामलों के राजीनामा के माध्यम से निराकरण हेतु सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य न्यायाधीश ने जिला न्यायालय मुंगेली एवं नेशनल लोक अदालत की विभिन्न खंडपीठों का निरीक्षण किया। इस दौरान न्यायालय परिसर में जरूरतमंदों एवं पक्षकारों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। साथ ही बैंक, बीमा, नगर निगम तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत शुभारंभ मुंगेली जिले से किया गया, जो न्यायपालिका की संवेदनशीलता एवं दूरदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि, न्यायपालिका पारदर्शी, जनहितकारी और सुलभ न्याय व्यवस्था की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय में 6, तहसील न्यायालय लोरमी में 1 तथा राजस्व न्यायालय में 8 खंडपीठों का गठन किया गया था। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 2060 तथा प्री-लिटिगेशन के 19 हजार 738 सहित कुल 21 हजार 798 प्रकरण सुनवाई हेतु चिन्हित किए गए थे। इनमें से न्यायालय में लंबित 1 हजार 794 प्रकरणों का निराकरण कर 42 लाख 81 हजार 324 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। वहीं प्री-लिटिगेशन के 15 हजार 538 प्रकरणों का निराकरण कर 7 लाख 44 हजार 656 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव, कलेक्टर कुन्दन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, न्यायिक अधिकारी, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहे। अगली नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर को किया जाएगा।